

दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



दोस्ती मन से जुड़ा......

व्यस्त मित्र........

वर्ष : 10 | अंक : 236 | लखनऊ, 05 अगस्त, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 400 लोगों की समस्याएं

## सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, घबराइए मत, सबकी समस्या दूर करने को सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।



रविवार सुबह बारिश की आशंका के चलते जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। इस दौरान आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 400 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है।

प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। कुछ प्रकरणों पर सीएम योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे यह भी पता लगाएं कि यदि किसी पीड़ित को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए।

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

# यूपी के नब्बे लाख घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर, अब मोबाइल पर आएगा बिल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। चंद माह बाद बिजली की रीडिंग लेने के लिए मीटर रीडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिजली का बिल मोबाइल पर ही आएगा। बिजली विभाग ने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रकिया तेज कर दी है। पहले चरण में बिजली घरों के फीडर और ट्रांसफार्मरों के बाहर लगने वाले मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। महीने के अंतिम सप्ताह से सामान्य प्री पेड मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। राजधानी में बीस हजार से अधिक प्री पेड मीटर के उपभोक्ता हैं। यही नहीं सोलर रूफ टाप वाले जिन उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं, उनके यहां भी यह स्मार्ट मीटर लगेंगे। कुल मिलाकर आने वाले समय में सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडर का काम खत्म खत्म हो जाएगा।

### स्मार्ट मीटर देगा अच्छा रिजल्ट

बिजली विभाग का दावा है कि स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर से अच्छा रिजल्ट देंगे। वर्तमान में लखनऊ में दो लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, जबकि उपभोक्ता 12 लाख के आसपास हैं। ऐसे में यहां करीब दस लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके अलावा बरेली में दो लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं मध्यांचल के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों में 94 लाख बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें चार लाख स्मार्ट मीटर पहले ही लग चुके हैं। अब नब्बे लाख उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जाएगा। वर्तमान में इंटेल स्मार्ट को स्मार्ट मीटर लगाने का काम दिया गया है। इंटेल ने मीटर लगाने वाली आठ कंपनियों को चुना है। इनमें जीनस, सिक्योर, इप्पल टोन सहित पांच अन्य हैं।

### स्मार्ट मीटर लगने के बाद बदलेगा नहीं

स्मार्ट मीटर लगने के बाद अगर उपभोक्ता भविष्य में सोलर रूफ टाप लगवाता है तो यही मीटर काम आ जाएगा। उसे अतिरिक्त पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगे। साथ ही इसकी एक खासियत यह भी है कि इसे प्रीपेड से पोस्टपेड और पोस्टपेड से प्रीपेड में बदला जा सकेगा।


**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85


# वायनाड भूस्खलन: केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने पुलिस के बचाव अभियान की सराहना की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

त्रिशूर । केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने वायनाड जिले में हुए विनाशकारी भूस्खलन को रविवार को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी आपदा करार दिया और इस दौरान लोगों को बचाने के पुलिस तथा अग्निशमन बल के साहसी प्रयासों की सराहना की। विजयन ने यहां केरल पुलिस की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुएकहा कि राज्य वायनाड में हुई भीषण त्रासदी से उबर नहीं पाया है। पुलिस और अग्निशमन बल की सराहना करते हुए विजयन ने कहा कि साहसिक बचाव प्रयासों ने मानवता की झलक दिखाई है और यही बल की पहचान है।

विजयन ने कहा, वायनाड में हुआ भूस्खलन केरल के इतिहास की सबसे बड़ी आपदा है। यह राष्ट्रीय स्तर की बड़ी आपदाओं में से एक है। चूरलमाला और मुंडक्कई के लोग अब भी प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान से उबर नहीं पाए हैं। उन्होंने पुलिस बल में शामिल नए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षित महिलाओं की मौजूदगी से बल की क्षमता बढ़ती है। विजयन ने कहा, पिछले बैच में 1,308 महिलाएं थीं जिनमें से 23 को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इस बैच में 1,403 महिलाएं केरल पुलिस का हिस्सा बनी हैं।

# अरविंद केजरीवाल शेर हैं, वह ना टूटेंगे और ना मोदी के सामने झुकेंगे

## हरियाणा में भाजपा पर जमकर बरसीं सुनीता केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा में इस साल विधानसभा के चुनाव होने है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। पार्टी की ओर से इसको लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोहना में एक जनसभा को संबोधित किया। सुनिता केजरीवाल ने इस दौरान कहा कि क्या कोई और पार्टी है जिसने सरकारी स्कूलों, अस्पतालों की हालत सुधारी हो, मुहल्ला क्लिनिक बनाये हों, मुफ्त बिजली दी हो? उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश में ऐसे सभी विकास कार्य केवल अरविंद केजरीवाल ही कर सकते हैं।




अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि पीएम मोदी ऐसे विकास कार्य नहीं कर पा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के ऐसे विकास कार्यों को रोकने के लिए पीएम मोदी ने उन्हें फर्जी केस में जेल में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बेटे अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी के सामने नहीं झुकेंगे. 2014 में जब नरेंद्र मोदी पीएम बने तो गुजरात की जनता ने उनके समर्थन में वोट किया। उन्होंने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल ने पूरे देश में हरियाणा को गौरवान्वित किया है। आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक भी वोट नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब और दिल्ली में भी गारंटी दी थी और वहां काम हो रहा है। अब केजरीवाल ने हरियाणा की जनता को भी पांच गारंटी दी हैं। प्रदेश के सभी घरों में 24 घंटे और मुफ़्त बिजली दी जाएगी। सभी गांवों में मोहल्ला क्लिनिक बना कर लोगों का मुफ़्त इलाज किया जाएगा। हरियाणा के सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया जाएगा, जहां बेहतरीन शिक्षा मिलेगी। हरियाणा की माताओं-बहनों को मुफ़्त बस सफर की सुविधा दी जाएगी। हर बेरोजगार युवा को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से कहा कि आपके बेटे ने दिल्ली और पंजाब को बदल दिया है।

**संक्षिप्त समाचार**

### गुजरात सरकार ने मछली पकड़ने पर प्रतिबंध 15 अगस्त तक बढ़ाया, कांग्रेस ने फैसले को बताया अनुचित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गुजरात सरकार ने अरब सागर में मछली पकड़ने की गतिविधियों पर प्रतिबंध को एक पखवाड़े के लिए 15 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया है। हालांकि, कांग्रेस ने दावा किया कि यह कदम अनुचित और लापरवाह है जिससे मछुआरों को वित्तीय नुकसान होगा। गुजरात मत्स्य पालन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज (4 अगस्त) कहा कि मछुआरों के संघ द्वारा मछली के प्रजनन के लिए अधिक समय देने के अनुरोध पर विचार करने के बाद केंद्र सरकार के परामर्श से यह निर्णय लिया गया।

# मध्य प्रदेश में बड़ा हादसा, मंदिर परिसर में गिरी 50 साल पुरानी दीवार, नौ बच्चों की दर्दनाक मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक 50 साल पुराने घर की दीवार गिर गई, जिससे नौ बच्चों की मौत हो गई और आधा दर्जन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना शाजापुर के हरदौल मंदिर में हुई, जहां पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा था। हालांकि, मंदिर परिसर से सटे एक घर की दीवार अचानक झुक गई, जिससे बच्चे मलबे में दब गए। गौरतलब है कि इस घटना में कुल नौ बच्चों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सागर कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि घटना सुबह करीब 8.30 बजे की है। दीवार बच्चों के ऊपर गिर गई, जिससे 9 बच्चों की मौत हो गई और 2 का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज सागर जिले के शाहपुर में हुई अतिवृष्टि के कारण जर्जर मकान की दीवार गिरने से 9 मासूम बच्चों के काल कवलित होने की खबर सुनकर मन व्यथित है। घायल बच्चों के उचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। भगवान से करबद्ध प्रार्थना है कि दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि हादसे में घायल अन्य बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। जिन परिवारों ने मासूम बच्चों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मृतक बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ से 4 -4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से एक अन्य खबर में, एक जीप के ट्रक से टकरा जाने से दो महिला मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर स्थित सिवनी-बालाघाट रोड के पास हुई।



# चुनावी साल में मुख्यमंत्री सैनी ने किसानों को दी सौगात!

### एमएसपी पर फसलों को खरीदने का ऐलान, 133 करोड़ का बकाया कर्ज माफ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के लिए बड़े अपडेट की घोषणा की है। कुरुक्षेत्र में एक कार्यक्रम में उन्होंने खुलासा किया कि सरकार किसानों का बकाया 133 करोड़ रुपये माफ करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 10 नई फसलों की खरीद शुरू करेगी। इस घोषणा के बाद अब हरियाणा सरकार किसानों से 24 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदेगी। यह केंद्र सरकार की नीति से मेल खाता है, जो 24 फसलों के लिए एमएसपी का भी समर्थन करती है। पहले, हरियाणा में केवल 14 फसलों के लिए एमएसपी था। एक और बड़ी घोषणा में, मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 से पहले प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के रूप में ?137 करोड़ एक सप्ताह के भीतर दिए जाएंगे। 27 जून को उन्होंने यह भी कहा था कि 31 दिसंबर 2023 तक आवेदन करने वाले सभी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन मिल जाएगा।

# अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले से बसपा सहमत नहीं : मायावती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण की अनुमति देने वाले उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले से सहमत नहीं है। मायावती ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के उप-वर्गीकरण की अनुमति दी गई है, हमारी पार्टी इससे बिल्कुल सहमत नहीं है। एक ऐतिहासिक फैसले में, उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यों को अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, जो सामाजिक रूप से विषम वर्ग का निर्माण करते हैं, ताकि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण दिया जा सके। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने बृहस्पतिवार को कहा कि आरक्षण नीति पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों के उत्थान के लिए नए तरीकों की जरूरत है। मायावती ने कहा, क्योंकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा अत्याचारों का सामना एक समूह के रूप में किया गया है और यह समूह समान है, इसलिए किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण करना सही नहीं होगा।



# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और कार की टक्कर

## 7 लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस की कार से टक्कर के बाद रविवार को एक दुखद सड़क दुर्घटना में सात लोगों की जान चली गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना रात करीब 12:30 बजे हुई जब बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी। हादसे के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। लगभग 20-25 लोग घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बारे में बताते हुए एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने कहा, ''रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस रात करीब 12:30 बजे एक कार से टकरा गई। बस में 60 लोग सवार थे, जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई और करीब 20-25 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' अस्पताल में कार में सवार 3 लोगों की भी मौत हो गई है। कुल 7 लोगों की मौत हो गई है।' 'उन्होंने बताया कि कार आगरा से लखनऊ जा रही थी और ड्राइवर को नींद आ गई जिसके कारण वह लेन पार कर बस से टकरा गई. टक्कर के बाद बस चालक ने संतुलन खो दिया और बस एक्सप्रेसवे से उतरकर खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि सभी सीओ, एसडीएम समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद थे। एसएसपी वर्मा ने कहा कि प्रशासन आवश्यकतानुसार पीड़ितों की सुविधा के लिए कदम उठा रहा है. जो लोग दिल्ली जा रहे थे, उन्हें वहां से गुजर रही बसों में सुविधा देकर उनकी आगे की यात्रा की व्यवस्था की गई

# एससी/एसटी रिजर्वेशन में क्रीमी लेयर का चिराग पासवान ने किया विरोध

### बोले– समीक्षा याचिका दायर करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से असहमति व्यक्त की और कहा कि लोक जनभक्ति पार्टी (रामविलास) फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करेगी। इस बात पर जोर देते हुए कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दलित लोगों को अभी भी अस्पृश्यता का सामना करना पड़ता है, पासवान ने कहा कि अनुसूचित जाति को आरक्षण देने का आधार 'अस्पृश्यता' है, इसलिए इसमें क्रीमी लेयर का कोई मतलब नहीं है। चिराग पासवान ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से असहमत हैं और हमने इस असहमति को प्रमुखता से दर्ज किया है। इस बारे में हम स्पष्ट हैं कि अनुसूचित जाति का आधार अस्पृश्यता है। उन्होंने आगे कहा कि इसका कोई शैक्षणिक या आर्थिक आधार नहीं है। ऐसे में इसमें क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं हो सकता, आरक्षण के अंदर आरक्षण सही नहीं है, क्योंकि आज भी दलित युवक का उदाहरण दिया जाता है जिसे घोड़ी पर चढ़ने से रोका जाता है। युवा नेता ने कहा कि कई ऐसे बड़े नाम हैं, जो ऊंचे पदों पर हैं, लेकिन उनके मंदिर जाने पर भी मंदिर को गंगा जल से धोया जाता है, इसलिए आज भी छुआछूत के आधार पर भेदभाव होता है। उन्होंने कहा कि हम, एलजेपी (रामविलास) इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका भी दायर करने जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में फैसला सुनाया कि राज्यों के पास एससी और एसटी को उप-वगीर्कृत करने की शक्ति है और कहा कि संबंधित प्राधिकारी को यह तय करते समय कि वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व है या नहीं, प्रभावी और मात्रात्मक प्रतिनिधित्व के आधार पर पर्याप्तता की गणना करनी चाहिए।



## संक्षेप

### जमीनी विवाद में सगे भतीजो ने चाची पर कुल्हाड़ी से किया हमला,दो घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गोपालखेड़ा गांव निवासी रामदास ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसकी जमीन पर नजर गड़ाये भतीजे छोटेलाल व प्रदीप ने रविवार की शाम गाली-गालौज कर रहे थे,पत्नी रानी ने मना किया तो नाराज भतीजो ने लाठी डंडो से पत्नी की बुरी तरह पिटाई कर दी ओर जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से पत्नी के पंजे में वार कर घायल कर दिया ।इस दौरान बीच बचाव को आयी बेटी पलक की भी डंडो से बुरी तरह पिटाई कर दी ।चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़े तो आरोपी भतीजे जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले। परिजनो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस घायल मां व बेटी को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी भतीजो पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

### लेनदेन के विवाद में दबंगो ने किसान समेत तीन को पीटा,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अयोध्याखेड़ा निवासी किसान रामभरोसे ने बताया उसने अपनी दो भैसे गांव में रहने वाले लल्ला लोधी के जरिये बटाई पर दी थी,बटाई दी गयी भैसो के पैसे के हिसाब को लेकर नाराज लल्ला ने श्रीपाल,बिंदर के साथ मिलकर रविवार की सुबह जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये गाली-गालौज करने लगे विरोध करने पर लाठी डंडो से उसकी जमकर पिटाई कर घायल कर दिया ।चीख पुकार सुनकर बचाने आयी पोती व भतीजी की भी पिटाई कर दी ।मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर मारपीट,जान से मारने की धमकी देने व एससी/एसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

### किसान के खेत से इंजन चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।निगोहां थाना क्षेत्र के रतनापुर गांव निवासी किसान शिववरन सिंह ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया खेतो की सिंचाई के लिये बोरिंग कराकर इंजन लगाया था, 17जून को बैखोफ चोर बोरिंग में लगा इंजन चुराकर भाग गये ।ग्रामीणो की सूचना के बाद खेत में पहुंचकर देखा तो इजंन गायब था ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित किसान की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# महमूदपुर में आयोजित हुआ 82वां आपका विधायक, आपके द्वार, ग्रामीणों ने रखे विकास सम्बंधित सुझाव

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह सरोजनीनगर को एक आदर्श विधानसभा बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। एक ओर जहां निरंतर चल रहे विकास कार्यों से सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प हो रहा है तो वहीं नियमित तौर पर लगाए जा रहे 'आपका विधायक, आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर में जनता की समस्याओं का निवारण किया जा रहा है।साथ ही शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है।

रविवार को अर्जुनगंज मंडल के महमूदपुर, मुजफ्फरनगर गाँव में 82 वां 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया।विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की माता तारा सिंह की स्मृति में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों से सहजतापूर्वक संवाद किया गया, उनकी समस्याओं को सुना गया। इसमें ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इइस दौरान ग्रामीणों द्वारा निराश्रित पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, हैण्डपंप, नाली आदि की आवश्यकताओं से अवगत कराया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से भी अवगत कराया गया।

साथ ही 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले महमूदपुर, मुजफ्फरनगर गांव के 2 मेधावियों साक्षी सिंह (73.2%) तथा नितिन वर्मा 71.8% और हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों बेबी राजपूत (87.16%), विवेक राजपूत (66.83%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य मेधावियों को सम्मानित करने के साथ-साथ अन्य छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

युवाशक्ति को प्रगति के हर संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प क्रम में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर द्वारा ग्राम पंचायत महमूदपुर, मुजफ्फरनगर में आयोजित आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के दौरान 132वें यूथ क्लब (बॉयज) तथा 31वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर क्रिकेट, वॉलीबाल, फुटबॉल, कैरम आदि आउटडोर व इंडोर व खेलों की स्पोर्ट्स किट प्रदान की गई। शिविर के दौरान पूर्व प्रधान एवं किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हनुमान रावत, महमूदपुर के बूथ अध्यक्ष ओम प्रकाश राजपूत लोधी, अर्जुनगंज मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सतगुरु, बबलू रावत, बरौना बूथ अध्यक्ष बद्री प्रसाद रावत, मदन लोधी, महेश प्रसाद लोधी, वीरपाल लोधी, चन्द्र शेखर शर्मा एवं अरुण द्विवेदी को विधायक की ओर से सम्मानित किया गया। सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह जनता से जुड़ने तथा उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।जनता से संवाद तथा जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान उनकी प्राथमिकता रहती है।इस दौरान उपस्थितजनों को सरोजनीनगर की पहचान बन चुकी तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा - पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान डूब कर युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में रविवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में एक रिर्जाट के अन्दर स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान डूब कर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक तालकटोरा के राजाजीपुरम निवासी डॉक्टर प्रदीप तिवारी (35) घर पर ही क्लीनिक चलाता था। वह रविवार को अपनी पत्नी मोनिका शुक्ला और 3 वर्षीय बेटे के अलावा आलमबाग निवासी दोस्त संदीप कुमार द्विवेदी, कृष्णा नगर के एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी राघवेंद्र सिंह और राजधानी के लखनऊ स्थित कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप में नौकरी करने वाले झारखंड निवासी व वर्तमान में मानकनगर रेलवे क्वार्टर में रहने वाले रेलवे कर्मी राम मरांडी व उसके साले झारखंड निवासी शिवांशु सिंह के साथ सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित मुकुंद माधव रॉयल नामक होटल एंड रिसॉर्ट में पार्टी मनाने आया था।इनमें से कुछ लोगों के साथ उनकी पत्नियां व 2 बच्चे भी थे। सभी लोगों ने यहां खाना खाया और शराब पार्टी की।उसके बाद सभी पुरुष स्विमिंग पूल में नहाने लगे। कुछ देर बाद नहा कर सभी अपने-अपने कमरे में चले गए, लेकिन प्रतीक नहीं पहुंचा। उसके नजर न आने पर प्रतीक की पत्नी मोनिका ने उसके साथियों से उसके बारे में पूछा, लेकिन वह कोई सही जवाब नहीं दे सके। तब सभी ने मिलकर प्रतीक की तलाश शुरू की। जहां प्रतीक पानी भरे काफी गहरे स्विमिंग पूल के अंदर मृत अवस्था में उतराता मिला। आनन फानन इसकी सूचना पुलिस को दी गयी ।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने प्रतीक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## माल थाने का दारोगा 30 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

### टीम ने रंगेहाथ घूस लेते पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की ट्रैप टीम ने माल थाने के दारोगा अमीन खां को शनिवार दोपहर रंगेहाथ 30 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। अमीन खां ने दहेज उत्पीड़न के मामले में चार लोगों के नाम मुकदमे से हटाने के लिए 30 हजार रुपये की मांग समीर कुमार से की थी। समीर कुमार इब्राहिमपुर माल के रहने वाले हैं। पत्नी ने समीर उनकी बहन, बहनोई और दो भाइयों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा माल थाने में दर्ज कराया था।विवेचना दारोगा अमीन खां कर रहे थे। दारोगा बहन, बहनोई और भाइयों के नाम हटाने के लिए 30 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। समीर ने इसकी शिकायत सतर्कता अधिष्ठान में की थी। इसके बाद एएसपी सतर्कता अधिष्ठान बबिता सिंह ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ट्रैप टीम गठित की। शनिवार को योजनाबद्ध तरीके से 30 हजार रुपये लेकर समीर दारोगा को देने के लिए पहुंचे। पीछे ट्रैप टीम भी थी। समीर ने जैसे ही दारोगा अमीन खां को रुपये दिए ट्रैप टीम ने उसे पकड़ लिया।इसके बाद मुकदमा दर्ज कदर ट्रैप टीम ने अमीन खां को गिरफ्तार कर लिया।

### सरकारी अधिकारी और कर्मचारी मांगे घूस तो करें सूचना

एएसपी ने बताया कि लोक सेवक, राजपत्रित अथवा अराजपत्रित एवं अन्य सरकारी कर्मचारी यदि कार्य के बदले आपसे रिश्वत मांगे तो उसकी तत्काल शिकायत रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन नंबर-9454401866 पर करें। आपको तत्काल मदद मिलेगी।सूचना देने वाले का नाम और पता गुप्त रखा जाएगा। उसकी पहचान उजागर नहीं की जाएगी।

# एंबुलेंस सेवा में यूपी सबसे आगे, झारखंड सबसे नीचे




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के लिए 102 एंबुलेंस सेवा मात्र 7.06 मिनट में उपलब्ध कराई जा रही है। देश भर में उत्तर प्रदेश का रिस्पांस टाइम सबसे कम है।वहीं दूसरे नंबर पर राजस्थान में 7.57 मिनट व तीसरे नंबर पर 10.45 मिनट के साथ केरल पर है। वहीं सबसे खराब झारखंड का रिस्पांस टाइम 16.02 मिनट है। कम समय में प्रदेश में एंबुलेंस सुविधा मिलने से मातृ-शिशु दर में कमी भी दर्ज की गई है।वर्ष 2016 में रिस्पांस टाइम 11.28 मिनट था।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के मुताबिक मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे (एसआरएस) के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2015-17 में मातृ मृत्यु अनुपात 216 प्रतिश लाख दर्ज की गई थी। यह वर्ष 2018-20 में मातृ मृत्यु दर 167 प्रति लाख पहुंच गई। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2016 में शिशु मृत्यु दर 23 प्रति हजार थी और वर्ष 2020 में शिशु मृत्यु दर 21 प्रति हजार हो गई। वर्ष 2020 के बाद अभी तक एसआरएस के आंकड़े नहीं आए हैं लेकिन रिस्पांस टाइम के लगातार घटने से यह माना जा रहा है कि इसमें और अधिक कमी आई होगी।

### 102 एंबुलेंस सेवा की चलाई जा रही कुल 2,270 एंबुलेंस

फिलहाल पूरी उम्मीद है कि आंकड़े घटे होंगे। वर्ष 2016 में 102 एंबुलेंस सेवा का 11.28 मिनट था। रिस्पांस टाइम में लगातार कमी दर्ज हुई है।एंबुलेंस सेवा का संचालन कर रही ईएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट टीवीएसके रेड्डी के मुताबिक 102 एंबुलेंस सेवा की कुल 2,270 एंबुलेंस चलाई जा रही हैं और प्रतिदिन 40 हजार जज्चा-बच्चा को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

## सहकारी बैंक चेयरमैन ने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याएं गिनाई



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद माल व अन्य क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व सहकारी बैंक चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री ने राजधानी के लोगो को और अधिक सुविधाएं देने के लिये हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। सहकारी बैंक चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनता का विश्वास मोदी सरकार पर अडिग बना हुआ है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हर प्रकार से सभी के साथ हमेशा खड़े रहने वाले जनप्रतिनिधियों में से एक है।उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता है हर समाज के लोगों को मिल रहा है लाभ लखनऊ की जनता ने उन्हें तीसरी बार अपना सांसद प्रतिनिधि चुनकर यह बता दिया है कि जनता मोदी सरकार के साथ है।

# किसान और आम जनता अघोषित विद्युत कटौती से काफी परेशान

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर ब्लाक की माती ग्राम पंयायत के किसान और आम जनता अघोषित विद्युत कटौती से काफी परेशान हैं।आलम यह कि एक सप्ताह से बिजली विभाग के कर्मचारी केबिल बदलने व पेड़ों की कटाई के नाम पर सुबह ही विद्युत आपूर्ति ठप कर देते हैं। इससे जहां किसान अपनी फसलों की सिंचाई नही कर पा रहे हैं।वहीं गांव के लोग समरसेबल न चल पाने से पानी को तरह रहे हैं।फोन करने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने के कारण विद्युत कटौती की बात कहकर फोन काट देते हैं।विद्युत उपकेन्द्र खुर्रमपुर, बनी और गहरू पावर हाऊस क्षेत्र के अधिकतर फीडरों की विद्युत कटौती का यही हाल है। बताते हैं कि शारदानगर विस्तार विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत आने वाली माती ग्राम पंचायत में करीब एक सप्ताह से बिजली के तार बदलने का काम किया जा रहा है। इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी सुबह आठ बजे ही विद्युत आपूर्ति बंद कर देते हैं।जिसके कारण किसान अपनी फसलों की सिचाई नहीं कर पा रहे हैं। यहाँ बीते दो दिनों से विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल है। दो दिन से यहां की विद्युत आपूर्ति का आलम यह है कि रातों-दिन कटौती की जा रही है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। उधर सरोजनीनगर क्षेत्र के खुर्रमपुर विद्युत उपकेन्द्र के रामदासपुर सहित करीब एक दर्जन गांवों में भी विद्युत आपूर्ति का यही हाल है। इसके अलावा बनी पावर हाउस के कृषि फीडर हरौनी में दोपहर डेढ बजे व घरेलू फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह सात बजे ही ठप हो गई थी। जबकि गहरू विद्युत उपकेन्द्र के चन्द्रावल फीडर के करीब एक दर्जन गांवों में सुबह बाठ बजे से विद्युत आपूर्ति ठप है।

पुलिस की माने तो स्विमिंग पूल करीब 8 फीट गहरा है।जबकि प्रतीक को तैरना भी नहीं आता था। लेकिन साथियों के कहने पर वह शराब के नशे में उनके साथ स्विमिंग पूल में नहाने चला गया। वहीं पुलिस का कहना है कि नहाते समय प्रतीक के किसी साथी का आईफोन वहीं गिर गया था।लेकिन जब नहा कर सभी कमरे पर पहुंचे, तब आईफोन खो जाने की जानकारी हुई। जिस पर सभी आईफोन को खोजते खोजते स्विमिंग पूल के पास पहुंचे। तब उन्हें स्विमिंग पूल के अंदर प्रतीक मृत अवस्था में उतरता नजर आया। इसके बाद उन्हें उसके बारे में घटना की जानकारी हुई।

### आगरा में उमस, गोरखपुर में ठंडी हवा संग रिमझिम बारिश से आराम

लखनऊ।राजधानी में बुधवार को हुई झमाझम बारिश का सिलसिला प्रदेश के कई हिस्सों में गुरुवार को भी जारी रहा। शुक्रवार को भी तीन दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।मौसम विभाग के मुताबिक, अगस्त से सितंबर तक बादल जमकर बरसेंगे। आगरा शहर में शनिवार को दिनभर बादलों व सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चला। कभी सूरज बादलों की ओट में छिपा तो कभी धूप निकली। इससे सुबह 8:30 बजे अधिकतम आर्द्रता 92 प्रतिशत तक पहुंच गई। पसीना बहता रहा। इससे शहरवासी बेचैन नजर आए।अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सामान्य से न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि रविवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। तापमान में अधिक उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलेगा।

## आज से गोरखपुर-मुंबई वाया लखनऊ स्पेशल ट्रेन चलेगी, जारी हो गई टाइमिंग

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : मुंबई आने-जाने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है।रेल प्रशासन ट्रेन नंबर-05325, गोरखपुर-एलटीटी पांच से 28 अगस्त तक हर सोमवार व बुधवार को गोरखपुर से रात 9:15 बजे चलकर लखनऊ सुबह 02:55 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05326 एलटीटी से सात से 30 अगस्त तक हर बुधवार व शुक्रवार को सुबह 10:25 बजे चलकर दूसरे दिन लखनऊ सुबह 11:45 बजे और गोरखपुर शाम छह बजे पहुंचेगी।

कई ट्रेनें रोककर चलाई जाएंगी

वहीं, चुरेब स्टेशन पर पटरी से जुड़ा कार्य होने के कारण कटिहार-अमृतसर समेत कई ट्रेनें रोककर चलाई जाएंगी। इनमें ट्रेन नंबर 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस सात व 11 अगस्त को 15 मिनट, नौ अगस्त को 60 मिनट रोककर चलेगी। इसी क्रम में 15530 आनंद विहार टर्मिनस-सहरसा एक्सप्रेस नौ अगस्त को 25 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। वहीं 15 अगस्त से लखनऊ मेल लखनऊ जंक्शन के बजाय चारबाग रेलवे स्टेशन से चलेगी।ट्रेन की समय सारणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन नंबर 12229 लखनऊ जं.-नई दिल्ली एक्सप्रेस चारबाग से रात 10 बजे चलकर सुबह 6:50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में 16 अगस्त से ट्रेन नंबर 12230 नई दिल्ली से रात 10 बजे रवाना होकर सुबह 6.55 बजे चारबाग पहुंचेगी।

## एक घर से शातिर चोरों ने नकदी व जेवरात उड़ाए, पीड़ित ने पड़ोसी पर लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए कमरे में रखे बक्से से नकदी व अन्य कीमती सामान पर लेकर फरार हो गए। और खाली बक्सा घर के पीछे फेंक दिया।पीड़िता ने चोरी की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता ने उसी गांव में रहे एक व्यक्ति पर घर में हुई चोरी का आरोप लगाया है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सस्पन मजरा भाईदास खेड़ा निवासिनी रामरती के घर को शनिवार देर रात बेखौफ चोरों ने निशाना बनाते हुए। घर में रखा पीड़ित और बहु, लडकी का करीब एक किलो चांदी तीन तोला सोना व बीस हजार नकदी लेकर फरार हो गए। जब सुबह घर वाले उठे तो देखा की घर सारा सामान इधर उधर फैला हुआ था। घर के बक्सा घर के पीछे खाली पड़े मिले। जिसमें रखा सारा सामान गायब था। महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जिसने मेरे घर में चोरी की है।वह एक मेरा पड़ोसी ही है।उसने ही मेरे घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है. वह डकैती गिरोह का सरगना है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार जांच की जा रही है।मामले में आरोपी को तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

## जाति, धर्म, राग द्वेष पर आधारित पत्रकारिता अधिक समय तक नहीं चल पाती है : राज किशोर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।प्रेस क्लब सरोजनीनगर की मासिक बैठक रविवार को देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवर परिसर में आयोजित हुई।इस दौरान प्रेस क्लब सरोजनीनगर अध्यक्ष राज किशोर पासी ने कहा कि जाति, धर्म, राग द्वेष पर आधारित पत्रकारिता अधिक समय तक नहीं चल पाती है।पत्रकार की लेखनी में शालीनता एवं निष्पक्षता होनी चाहिए। समय के अनुसार इसमें बदलाव लाजिमी है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम को बिकाऊ नहीं बनाएं। पत्रकारों को समाचार के प्रति जवाबदेह होकर नैतिकता के साथ काम करना चाहिए। उपाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि खबर तथ्यात्मक हो, परंतु इतना नकारात्मक न हो जिससे अफवाह फैले और कोई अप्रिय वारदात हो जाए। बैठक में बोलते हुए महामंत्री राकेश यादव ने कहा कि पत्रकारिता की कठिन राह पर चलकर पत्रकार समाज का सही आईना दिखाने में सबसे सशक्त माध्यम है। इसलिए पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है। संसार में पत्रकारों से कोई बात छिपी नहीं है और न ही कभी छिपी रहेगी।बैठक में अध्यक्ष राज किशोर पासी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय, उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, महामंत्री राकेश यादव, कोषाध्यक्ष आसिफ खान, मीडिया प्रभारी पवन तिवारी, संगठन मंत्री मुकेश कुमार रावत, सचिव राम बाबू सोनी, सदस्य मिथलेश कुमार, सुरेन्द्र यादव, अर्जुन सिंह, राहुल तिवारी, इन्द्रेश यादव, विनय मिश्रा, इदरीश खान, रेहान खान, डा. विश्राम प्रजापति, एके दुबे व पंकज प्रजापति मौजूद रहे।

## राजधानी में गोमती रिवर फ्रंट के किनारे होंगी शादियां, जल्द शुरू होगी बुकिंग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (लविप्रा) जनेश्वर मिश्र पार्क व इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर रिवर फ्रंट भी शादी समारोह करेगा। इसके लिए गोमती किनारे लान निर्धारित किया जाएगा और लोग बुकिंग कराकर आने वाले समय में शादियां व अन्य समारोह कर सकेंगे। लविप्रा की इस नई पहल से लखनऊ में एक नई संस्कृति की शुरूआत होगी। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को रिवर फ्रंट का निरीक्षण करने के दौरान यह निर्देश दिए।उन्होंने पीएमसी (प्रोजेक्ट मानिटरिंग सेल) को निर्देशित किया कि रिवर फ्रंट पर लैंड स्केपिंग करते हुए जगह की उपयोगिता को बढ़ाया जाए। इसके साथ ही रिवर फ्रंट के लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए एक विभागीय कमेटी गठित की जाए, जोकि सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराए। इसके अलावा गोमती रिवर फ्रंट पर पैडिस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। यहां स्थापित लोटस वैली व ओपन थियेटर का कायाकल्प करते हुए बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाए जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस संबंध में अफसरों को कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि अपर पुलिस उपायुक्त कार्यालय से रिवर फ्रंट के दूसरे छोर तक पैडिस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट पर पैडिस्ट्रियन ब्रिज बनाने वाली कंपनी व कंसल्टेंट से संपर्क किया जाए।

## सांसद आरके चौधरी ने घर पहुंचकर दी श्रृद्धांजलि



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज, लखनऊ. मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र से सांसद आर के चौधरी मोहनलालगंज के मऊ में समाजवादी पार्टी के सक्रिय सदस्य किशन यादव के पिता लल्लन यादव की मृत्यु की सूचना मिलने पर परिवार से मिलने उनके घर पर पहुंचे। वहीं मऊ के बजरंगी रावत के भाई संजय रावत की मृत्यु व गुरु दयाल यादव के पुत्र देवेन्द्र यादव के एक्सीडेंट में मृत्यु की सूचना पर उनके भी परिवार में पहुंचकर अपनी शोकं संवेदना व्यक्ति की। इस मौके पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, सपा नेता अरुणेश प्रताप सिंह उर्फ दल्लू, सपा नेता विपिन यादव, पूर्व जिला पंचायत राज किशोर राजू, सपा नेता समर पाल सिंह, सभासद राजू कुरैशी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## संक्षेप

### मुख्यमंत्री जन अरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ अर्चना ने मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 56 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुफ्त देखे गए मरीज

शुक्लागंज, उन्नाव। रविवार को आनंद नगर के सामने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क शिविर की सूचना पर आस पास के रहने वाले मरीज पहुंचे। जहां मरीजों का मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां दी। वहीं कैंप में तमाम प्रकार की जांचें भी की गई। शिविर में मौजूद डायबिटीज, छाती, मस्तिक, ब्लड प्रेशर, गठिया रोग विशेषज्ञ डा. धर्मेन्द्र, चर्म, गुप्त, कुष्ठ, केश रोग विशेषज्ञ डा. गौरव पालीवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. स्नेहशीष मुखर्जी मौजूद रहे। सभासद प्रत्यय गुप्ता ने बताया कि शिविर में 85 मरीजों का परीक्षण किया गया है।

### ग्राम समाज की भूमि पर हो रहा अवैध कब्जा दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गाँव जंगल बुजुर्ग की ग्राम सभा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने की शिकायत पूर्व प्रधान ने मुख्यमंत्री पोर्टल व उपजिलाधिकारी से की है। तहसील क्षेत्र के जंगल बुजुर्ग की पूर्व ग्राम प्रधान रीता सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल व उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि जंगल बुजुर्ग गाँव मे ग्राम समाज के लिए पड़ी जमीन पर पड़ोसी गाँव भदिहा निवासी ईश्वर पुत्र चतुरी, बैजनाथ पुत्र स्व० रामकुमार, कमलेश पुत्र राम गुलाम, शोभई पुत्र रामकुमार, सन्तोष पुत्र स्व० भगवानदीन अवैध कब्जा करके कई वर्ष से धान की फसल लगा रहे थे मेरे द्वारा पिछले वर्ष शिकायत किये जाने पर बीघापुर तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जा रुकवाया था परन्तु इस बार फिर ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर बैजनाथ पुत्र स्व श्रीपाल धान लगा चुके है व कमलेश पुत्र स्व रामगुलाम लगा रहे है। मना करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते है। उक्त लोगो के द्वारा मना करने के बाद भी शासन प्रशासन के आदेशो की अनदेखी करके जबरदस्ती धान लगाया जा रहा है। पूर्व ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर उपजिलाधिकारी से शिकायत कर कब्जा रुकवाने की मांग की है।

# रुपिया के लेनदेन को लेकर युवक को उतारा था मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर बर्रा थाना क्षेत्र 25/ ईडब्ल्यूएस बर्रा 2 निवासी चौबीस वर्षीय अभय त्रिपाठी पुत्र स्व. जनार्दन त्रिपाठी नेटवर्क मार्केटिंग का काम करता था। वह अपनी पत्नी दिव्या त्रिपाठी के साथ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर स्थित अंशिका अपार्टमेंट में किराये पर रहता था। 25 जुलाई को अपने दोस्त तुषार के साथ घर से निकला था। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तुषार समेत पांच के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गगनी खेड़ा निवासी नामित आरोपी तुषार सिंह उर्फ अमन सिंह और उसके मौसरे भाई ग्राम महमूदपुर थाना औरास जनपद उन्नाव निवासी शुभम को निमार्णाधीन सरैयां रेलवे क्रासिंग आरओबी के पास से गिरफ्तार किया। जहां उसने बताया कि उसने अभय को रुपये दिये थे, बीस हजार रुपये लेने के लिये अभय ने अंशिका अपार्टमेंट में 25 जुलाई को बुलाया। जहां उसने पैसे नहीं दिये। जिस पर अभय उसके साथ बाइक से अपने घर के पास गगनीखेड़ा गौशाला के पास आया वहां पर मेरी मौसी का लड़का शुभम भी आ गया था और तब हम लोगों ने अभय त्रिपाठी से रुपयों की मांग की तो वह देने में फिर आनाकानी करने लगा जिस पर हम लोगों में झगड़ा होने लगा तब मेरे पास जो देशी कट्टा था उसको डराने के लिए मैंने दिखाया लेकिन उसने रुपये नहीं दिए और मुझसे तमंचा छिनने का प्रयास करने लगा तो शुभम ने उसे पकड़ लिया तभी मैंने पास में पड़े पक्के ईट से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे वह वहीं पर गिर गया तो मैंने दुबारा उसी ईट से चेहरे की तरफ मार दिया तो अभय थोड़ी देर में मर गया। तभी बारिश होने लगी तो मैने व शुभम ने मिलकर अभय को वही निमार्णाधीन मकान के सामने बड़ी बड़ी खड़ी घास की आड़ मेरे अभय को लिटा दिया और मरहला चौराहे की तरफ चले गये। उसके बाद हम लोगों ने प्लान बैनाकर अपनी कार से उसी रात डिग्गी में रखकर चकलवंशी से औरास होते हुए अतरौली के पास गोमती नदी के पुल से नदी में फेंक दिया। उसके बाद हम लोग उन्नाव आये और अभय का मोबाइल वीवो काम्पानी का तोड़कर डूडा कालोनी के पास बने गड्ढे में छिपा दिया था तथा कार भी खड़ी कर दी। जो देशी कट्टा मेरे पा था उसे हम लोगो ने एक पन्नी में लपेटकर अपने घर के पास छिपा दिया है व मोटर साइकिल वही खड़ी कर दी है। पुलिस ने आरोपियों की निशान देही पर थाना अतरौली, जिला हरदोई क्षेत्र गोमती नदी के भटपुर से अभय का शव बरामद किया। इसके साथ ही 12 बोर तमंचा, मोबाइल, वैगनआर कार, बाइक व हत्या में प्रयुक्त की गई मोटर साइकिल बरामद की है।

# 16 घंटे बाद चालू हुई विद्युत आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शनिवार रात तेज हवा के चलते 33 केवी मुख्य लाइन में फाल्ट आ जाने के चलते 16 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।मौरावां 33 केवीए विद्युत केंद्र से पुरवा उपकेंद्र को आने वाली लाइन में शनिवार रात समय लगभग एक बजे लाइन में फाल्ट आ गया।जिसके चलते कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों मंगतखेड़ा, चमियानी व बेहटा से संबंधित गांवों के लोगो को अंधेरे में रहने पर मजबूर होना पड़ा। रविवार शाम पांच बजे लाइन सही हो सकी जिसके बाद आपूर्ति बहाल हुई।इस दौरान 16 घंटे आपूर्ति बाधित रही। जेई अशोक पाल ने बताया की लाइन को सही करा दिया गया है।

# पति-पत्नी के 32 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र से 08-08, थाना सोहरामऊ से 06, थाना सफीपुर से 04, थाना औरास व थाना हसनगंज से 02-02 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर अबरार हुसैन, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, साबिहा उमर, शिल्पी श्रीवस्तव, डा0 एस.के. पाण्डेय संजय चौरसिया अबसार अली व डा0 सगीर अहमद एवं सहयोगी स्वास्तिक मिश्रा, शिवेन्द्र सिंह व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला उप निरीक्षक भागीरथी, लक्ष्मी सिंह पूजा शर्मा, अंशू रानी, अंजुला, मीनू, अजली शर्मा, रूबी, राधिका यादव, शकुन्तला, सोनी मिश्रा, अल्का यादव का विशेष योगदान रहा।

# युवक पर हुए जानलेवा में 72 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के सेमरीमऊ निवासी अरुण दीक्षित पर एक अगस्त को क्षेत्र के चमियानी कस्बे से अपने जन्म दिन के कार्यक्रम के बाद बाइक से घर जाने के दौरान रास्ते में आरोपियों द्वारा चाकू से हुए जानलेवा हमला करने व पेशाब पिलाए जाने के मामले में 72 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।पीड़ित ने पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी में हीलाहवाली करने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने आरोपियों पर सुलह करने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है।बताते चले कि एक अगस्त को अरुण के जन्म दिन के अवसर पर चमियानी में कार्यक्रम था। जहां से कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात लगभग 12:30 बजे बाइक से अरुण अपने घर जा रहा था।जहा रास्ते में विनीत पटेल , प्रशांत उर्फ मोनू ,प्रांशु ,ललित उर्फ रामजी शुक्ला ,श्याम बहादुर व दो अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा दो की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिल्हौर मार्ग पर शनिवार को आधी रात के समय तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीन युवक गंभीर से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने घायल दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर हालत के चलते एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दो युवकों की एक साथ मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।ज़िला हरदोई के थाना संडीला अंतर्गत ग्राम मौलवी खेड़ा निवासी सत्यवान 22 वर्ष पुत्र ब्रजेश व शिवा 20 वर्ष पुत्र भूधर और छोटेलाल 20 वर्ष पुत्र राजाराम तीनों युवक बीते शनिवार को बाइक से किसी आवश्यक कार्य हेतु बिल्हौर कानपुर गए थे। तीनों युवक आधी रात के समय बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में बांगरमऊ बिल्हौर मार्ग पर स्थित नानामऊ गंगा पुल और ग्राम भुड्डा चौराहा के मध्य रात करीब डेढ़ बजे बांगरमऊ की ओर से तेज गति से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को बाद चालक ट्रक सड़क के किनारे खड़ा कर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस सरकारी एंबुलेंस से तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने घायल सत्यवान और शिवा दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि छोटेलाल की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक साथ दो युवकों की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्साल भेजा है।

# कार्यदायी संस्था ने नही जोड़ा मार्ग, ग्रामीणों के आगे समस्या

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के कस्बा पाटन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन से कस्बा पाटन को जोड़ने वाले रास्ते को कार्यदायी संस्था पी एन सी द्वारा न जोड़े जाने की वजह कस्बा वासियों को आने जाने के लिए घोर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पाटन कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है ।स्वास्थ्य केंद्र के बगल से खंडजा लगा हुआ मार्ग है जो कस्बा पाटन की घनी आबादी को जोड़ता है। सैकड़ो लोगो का इस मार्ग से आना जाना होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने वाली कार्यदायी संस्था पी एन सी द्वारा इस मार्ग को राजमार्ग से जोड़ा नही गया है ।बारिश की वजह से इस रास्ते मे मिट्टी का कटान इतना अधिक हो गया है करीब 5 फुट गहरे गड्ढे हो गए है। कस्बावासियों में इस रास्ते को लेकर काफी रोष है। कस्बा वासियों में कल्लू तिवारी,मंचित तिवारी,हीरालाल मास्टर,शुक्ला पेंट्स, गीता गारमेंट्स आदि लोगो का कहना है कि इस रास्ते में गहरे गड्ढे हो जाने से रास्ता बंद हो गया है। कस्बा पाटन को आने के लिए एक मात्र मार्ग पाटन धानीखेड़ा मार्ग ही बचा है। कस्बा वासियों को आने जाने हेतु करीब 1 किलोमीटर दूर से घूम कर आना पड़ रहा है।

# शव रखकर परिजन व ग्रामीणों ने किया मार्ग जाम

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। अजगैन मोहान मार्ग फरहदपुर गांव के पास सड़क पार करते समय संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर जाम लगा दिया।पुलिस के समझाने पर परिजन पीएम के लिए राजी हुई। पोस्टमार्टम में वृद्ध महिला लेंस लाक होने से मौत की पुष्टि हुई। शव महिला का अंतिम संस्कार खेत में कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र अजमतगढी गांव निवासी बब्बो 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामपाल रावत देर रात साढ़े नौ बजे सड़क पार कर रही थी तभी संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। मृतक के दो लड़के सुसील , अनिल का रो रो कर बुराहाल है।गुस्साए मृतक के परिजन ग्रामीणों के साथ अजगैन मोहान मार्ग फरहदपुर के पास शव रखकर जाम लगा दिया घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र फोर्स के साथ पहुंच कर परिजनो हर संभव मदद के साथ कार्रवाई करने का भरोसा देकर जाम शांत खुलवाकर शव पीएम के लिए भेजा।

पोस्टमार्टम में महिला की लेंस लाक होने की पुष्टि हुई। सोहरा मऊ, अजगैन , हसनगंज तीन थानों का फोर्स की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया,

कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि महिला शव की मौत में लेंस लाक होने की पुष्टि हुई।

मृतक के बड़े बेटे सुसील ने 26,07,2024 को कोतवाली में गांव के ही पंकज सिंह, अंकित सिंह, सहित भयंकर सिंह, पर मारपीट एसीएसटी की धराओ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।मृतक के बेटे ने आरोप लगाया की मुकदमा में सुलह की दवाब बना रहे थे सुलह नही किया तो मां को मौत के घाट उतार दिया।

विवाद को देखते हुए मृतक के घर पर सोहरामऊ, अजगैन, हसनगंज तीन थानों का फोर्स सहित नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय रहे। मृतक महिला का अंतिम संस्कार खेत में कर दिया गया।

# लापरवाही पर थाना प्रभारी समेत तीन पुलिस कर्मी निलंबित

अमन लेखनी समाचार

निलंबित

शुक्लागंज, उन्नाव। 25 जुलाई को अंशिका अपार्टमेंट में रहने वाले अभय त्रिपाठी की उसके दोस्त तुषार उर्फ अमन उसकी मौसी के बेटे शुभम ने हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया था। इसके बाद पत्नी दिव्या त्रिपाठी ने 27 जुलाई को गंगाघाट कोतवाली में पति के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने अपह्रत को ढूंढने की बजाय उसकी हिस्ट्री खंगालने में जुटी थी। इतना ही नहीं उसके परिजनों को रोज कोतवाली में बुलाकर पूछताछ कर रही थी। इधर परिजनों ने लखनऊ एडीजी से शिकायत की। जिसके बाद एडीजी ने मामले को संज्ञान में लिया और एसपी को हत्या के मामले में जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही। एडीजी के निर्देश पर उन्नाव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर हत्या कांड की जांच की गई। जांच में पुलिस की लापरवाही सामने आई। जिस पर शनिवार देर रात उन्होंने इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति, बिंदा नगर चौकी इंचार्ज जन्मेदय, पुलिस कर्मी मनोज पलावत, चेतन सैनी पर निलंबित की कार्रवाई की। वही दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह को गंगा घाट कोतवाली का प्रभारी बनाया। वहीं सूत्रों की माने तो अभी गंगा घाट कोतवाली में तैनात अन्य पुलिस कर्मियों पर भी अभय हत्याकांड मामले को लेकर उन पर भी गाज गिर सकती है।

# दबंगो ने चोरी से किसान के बाग में काट डाले हरे भरे आम के पेड़

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। पड़ोसी गांव के दबंगों ने दिव्यांग किसान के बाग में रात के समय इलेक्ट्रिक आरा मशीन से पुराने आम के करीब एक दर्जन फलदार वृक्षों को काट डाला। आरा मशीन चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े। तब दबंग आरा मशीन लेकर भाग निकले। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरियावर निवासी दोनों हाथों से दिव्यांग शबीब पुत्र शमीम अली द्वारा कोतवाली पुलिस को सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि उसका करीब 40 वर्ष पुराना आम का बाग गांव के उत्तर करीब दो सौ मीटर दूर स्थित है। दबंग किस्म के पड़ोसी खेत मालिक सलीम, अलीम व कलीम निवासी ग्राम अतरधनी बीते कई माह से आम के पेड़ काटने का दबाव डाल रहे थे। बीते शनिवार की रात सलीम आदि ने चोरी से इलेक्ट्रिक आरा मशीन के जरिए उसके बाग में खड़े करीब एक दर्जन हरे व फलदार आम के पेड़ काट डाले। आरा मशीन चलने की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़े। तब दबंग आरा मशीन सहित बोलेरो गाड़ी से भाग खड़े हुए। पीड़ित दिव्यांग ने पुलिस से दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है।

# चोरी के शक में नाबालिक युवक को दी तालिबानी सजा

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। फोन के चोरी हो जाने के शक में फोन मालिक ने नाबालिक को बिजली के खंभे में बांध दिया जिससे ग्रामीणों में रोज है कि कहीं बिजली आ जाती तो युवक की जान चली जाती

कोतवाली बीघापुर क्षेत्र के ग्राम अकवाबाद में गाँव का निवासी मुकेश पासवान ने गाँव के ही एक नाबालिक पर फोन चोरी का आरोप लगाते हुए गाली गलौज की तथा मारने पीटने की धमकी दी,, आपको बताते चले की नाबालिक अकवाबाद गाँव का निवासी है,, जिसकी उम्र तकरीबन लगभग 15वर्ष होगी,, जिसका नाम शुभम यादव उर्फ जालिम है,, सालो पहले माँ की मौत हो चुकी है और पिता भी विकलांग है,, परिवार में तीन बहने है,, जिसमे बड़ी बहन की शादी हो चुकी है,, दो बहने अभी अविवाहित है,, घर की सम्पूर्ण जिम्मेदारी नाबालिक पर ही है,, जिसके लिए वह लालकुवा स्थित एक ढाबे मे काम करता है, उसी से घर का और परिवार के चार सदस्यों का गुजारा होता है,, आज फोन चोरी के शक में नाबालिक को गांव के ही मुकेश पासवान ने पकड़ा और बिजली के खम्भे से बाँधा,, और वहाँ पर उपस्थित कई लोगों ने गालियां दी और मारने पीटने की धमकी भी दी,, जिसके चलते 112 नम्बर को कॉल किया गया,, मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा कर मामला रफा दफा तो कर दिया लेकिन नाबालिक के साथ किये गये तालिबानी व्यवहार से गाँव के लोगो मे रोष व्याप्त है,, बिजली के खम्भे से नाबालिक को बाँधा गया अगर उसमे करंट उतर आता तो मौके पर नाबालिक की मौत तो तय थी बिजली के खंभे में बंधे नाबालिक की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई

# स्वंतत्रता संग्राम सेनानी के आश्रीतो ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम बेहरी पुरवा स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं बांगरमऊ के पूर्व विधायक स्वर्गीय सेवाराम के आवास पर स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों की बैठक हुई। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकारों से सेनानी आश्रितों को राष्ट्रीय परिवार घोषित किए जाने की पुरजोर मांग उठाई गई।

स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों को राष्ट्रीय परिवार घोषित करने की मुहिम के तहत आज रविवार को आयोजित बैठक में सेनानी आश्रित एवं उन्नाव बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि उनके पिता गयाप्रसाद शुक्ल निर्भीक सहित भूपेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट हफीजाबाद, पूर्व विधायक सेवाराम, पूर्व विधायक मुल्ला हंस, साहब लाल द्विवेदी भुलभुलिया खेड़ा, रुद्र नारायण दीक्षित राजेपुर, क्षेत्रपाल सिंह परशुराम पुर, मौजीलाल आर्य नसिरा पुर व दूलम सिंह आदि ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और कई वर्षों तक जेल की यातनाओं को सहन किया। किंतु आजाद भारत में सरकारों द्वारा उनके आश्रितों को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसके वे हकदार थे।

स्वतंत्रता सेनानी भूपेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट के पौत्र शशांक शेखर शुक्ल ने कहा कि अब सभी सेनानी परिवारों को अपने पूर्वजों के मान-सम्मान के लिए सर्वोच्च पराक्रम प्रदर्शित करना होगा। जिससे हम सब की आवाज सत्ता के कानों तक पहुंच सके। अंत में शशांक शेखर शुक्ल ने सभी सेनानी आश्रितों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। बैठक में जगदीश नारायण दीक्षित, हरिशरन , हरिकृष्ण, विपिन द्विवेदी, सुरेंद्र बाजपेई, गरिमा दीक्षित, रवींद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, संजीव शुक्ल, रोहित पांडेय व पप्पू त्रिवेदी आदि सेनानी आश्रित शामिल हुए।

# गोकुल बाबा के दर्शन कर हजारों श्रद्धालुओं ने सुनी कथा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान और एवम श्री गोकुल बाबा मंदिर समिति के तत्वावधान में पंचम शिव महापुराण कथा के पहले दिन प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ जी की पावन कथा का श्रवण कराया गया।राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता शैवाचार्य प्रशांत प्रभुदास जी महाराज ने चंद्रमौलि भगवान के जयकारे के साथ कथा की शुरूआत करते हुए बताया कि गुजरात के ऐसे भाग में जहां जलाभाव और विपन्नता व्याप्त थी, इस क्षेत्र की समृद्धि के लिए चंद्र देव ने कड़ी तपस्या की जिससे भगवान शिव ने प्रसन्न होकर अपने दर्शन दिए और अभावों वाले इस क्षेत्र में अपना त्रिशूल गाड़ दिया। उसी स्थान पर एक बड़ा कुंड बना। शस्त्रों के अनुसार इस कुंड में स्नान करके भगवान सोमनाथ के दर्शन कर धवला गाय और मदार के पुष्प चढ़ाने से रोग दोष से मुक्ति और दरिद्र दूर होते है। भगवान शिव का सावन में पूजन के विशेष महात्म्य और पूजन विधि तथा ऐसे अनुष्ठानों से मिलने वाले अनेकानेक फलों के बारे में कथा प्रवक्ता ने विस्तार से समझाया। कथा आजमान देवी प्रसाद साहू, हरि प्रसाद साहू, संतोष साहू, धीरज सिंह, विक्रम सिंह, नीलम त्रिपाठी, निशीथ निगम, राधा निगम, डॉ सुषमा सिंह, लीलावती, संतोष तिवारी, कथा अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी व श्रीकांत शुक्ला मुकुल, व्यवस्थापक कथा जितेन्द्र सिंह( अन्नू ), संरक्षकों कमल वर्मा, संजय राठी, ललित मिश्रा, निम्मी अरोड़ा, शालिनी श्रीवास्तव, इंद्र मणि मिश्रा एडवोकेट, अभिषेक शुक्ला, संजय त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, साधना दीक्षित, दिव्या शुक्ला, शोभा पांडेय, उमा शुक्ला, चंद्रप्रकाश बाजपाई, ओम प्रकाश सोनी, कुलदीप सिंह, कुँवर बहादुर सिंह, संदीप मिश्रा, कौशल किशोर यादव आदि ने पूजन आरती में भाग लिया। संयोजक डॉक्टर मनीष सिंह सेंगर ने मंच से सहयोगियों का परिचय कराते हुए उनको महाराजश्री से आशीर्वाद दिलाया।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुफ्त देखे गए मरीज

शुक्लागंज, उन्नाव। रविवार को आनंद नगर के सामने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क शिविर की सूचना पर आस पास के रहने वाले मरीज पहुंचे। जहां मरीजों का मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां दी। वहीं कैंप में तमाम प्रकार की जांचें भी की गई। शिविर में मौजूद डायबिटीज, छाती, मस्तिक, ब्लड प्रेशर, गठिया रोग विशेषज्ञ डा. धर्मेन्द्र, चर्म, गुप्त, कुष्ठ, केश रोग विशेषज्ञ डा. गौरव पालीवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. स्नेहशीष मुखर्जी मौजूद रहे। सभासद प्रत्यय गुप्ता ने बताया कि शिविर में 85 मरीजों का परीक्षण किया गया है।

## सम्पादकीय

# वायनाड भूस्खलन से सबक ले पहाड़-जंगल को बचाए सरकार

केरल के वायनाड जिले में भयानक भूस्खलन की घटना, स्थानीय जिला प्रशासन पर सवाल उठाती है, राज्य सरकार पर सवाल उठाती है, केंद्र पर सवाल उठाती है, जंगल, जमीन व पहाड़ के संरक्षण को लेकर बनी सरकारी नीतियों पर सवाल उठाती है, पर्यावरण संरक्षण को लेकर बने कानूनों के अमल पर सवाल उठाती है, स्थानीय राजनीति पर प्रश्न खड़ा करती है और सबसे अधिक नेता, खनन माफिया व अफसरों के बीच नेक्सस को उजागर करती है। देश में पहाड़ों के संरक्षण की स्थिति दयनीय है। केरल हो, तमिलनाडु हो, कर्नाटक हो, राजस्थान हो, उत्तराखंड हो, झारखंड हो, छत्तीसगढ़ हो या पूर्वोत्तर हो, सभी राज्यों के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध खनन हो रहे हैं, अवैध निर्माण हो रहे हैं और मजे की बात कि सब शासन व प्रशासन की नाक के नीचे हो रहे हैं। जब तक कोई आपदा नहीं होती, सरकार कुंभकरणी नींद में होती है। दिल्ली में कोचिंग में पानी घुसने से हुई छात्रों की मौत के बाद शासन व प्रशासन बलि के बकरे को ढूंढ रहे हैं। केरल के वायनाड में भी पहाड़ी क्षेत्र में अवैध खनन हो रहे थे, अवैध निर्माण हो रहे थे, केरल सरकार व स्थानीय प्रशासन आंख मूंदे हुए थे। सरकारी लापरवाही की वजह से चार गांव बह गए, दो सौ से अधिक लोग अकाल मौत मारे गए, सैकड़ों लापता हैं, हजारों लोग शरणार्थी बनने को मजबूर हो गए। वायनाड में भूस्खलन अचानक नहीं हुआ है, पूर्व में प्रशासन, नेता व अफसरों की मिलीभगत या हीलाहवाली की वजह से लंबे समय से खनन हो रहे थे, पर्यटन के नाम पर अवैध निर्माण हो रहे थे, जिससे उस क्षेत्र की भूस्थितिकी बिगड़ रही थी। वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए भूस्खलन ने केरल व केंद्र सरकार की पोल खोल दी है। इन सभी इलाकों को माधव गाडगिल रिपोर्ट में पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र (ईएसज़ेड) घोषित किया गया है। ये रिपोर्ट पश्चिमी घाट के पर्यावरण से संबंधित है। रिपोर्ट में उन क्षेत्रों की जानकारी दी गई है, जो अधिक संवेदनशील, थोड़े कम संवेदनशील या सबसे कम संवेदनशील हैं। इस रिपोर्ट का केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के सभी राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों ने लगातार विरोध किया है। हाल के वर्षों में केरल ने इस क्षेत्र में प्लांटेशन से हटकर अन्य गतिविधियों को मंज़ूरी दी। वायनाड में पहले भी भूस्खलन हुआ है। वर्ष 2019 में चूरलमाला-मुंडक्कई क्षेत्र से लगभग 10 किलोमीटर दूर 17 लोगों की मौत हो गई थी। केरल वन अनुसंधान संस्थान (केएफ़आरआई) की एक रिपोर्ट में भूस्खलन की वजह चट्टानों में खनन को बताया गया था। वर्ष 2018 और वर्ष 2019 में 51 बार भूस्खलन हुए थे। संविधान के अनुच्छेद 48 ए राज्य सरकार को निर्देश देता है कि वह 'पर्यावरण की सुरक्षा और उसमें सुधार सुनिश्चित करे, तथा देश के वनों तथा वन्यजीवन की रक्षा करे। अनुच्छेद 51 ए (जी) नागरिकों को कर्तव्य प्रदान करता है कि वे 'प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करे। लेकिन सरकार व नागरिक दोनों पर्यावरण की रक्षा के प्रति ईमानदार नहीं हैं। पृथ्वी पर भूमि, जल, जंगल, पहाड़, पठार व वायुमंडल का संतुलन है, इसे बिगाड़ने से ही हम विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। केदारनाथ, मेघालय के हादसों से हमने सबक नहीं ली है। हमें पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी, अपने कानूनों पर अमल करना होगा और वायनाड जैसी घटनाओं के दोषियों को कटघरे तक पहुंचाना होगा। किसी की जान को जोखिम में डालने का हक किसी को नहीं है।



विश्लेषण

हिमांशु श्रीवास्तव

# इजराइल से सीखें जल संकट का हल

जल संकट से निपटने के लिए हमें इजराइल से सीखने की जरूरत है। इजराइल ने वाटर मैनेजमेंट के जरिए अपने पानी के संकट को खत्म किया है। दस साल पहले इजराइल की स्थिति भी भारत जैसी ही थी। इजराइल ने इस क्षेत्र में शानदार काम किया है। उसने सेंट्रलाइज्ड वाटर मैनेजमेंट के जरिए पानी की समस्या को खत्म किया। जल संकट का समाधान तो है, लेकिन इसके लिए हमें अपने तौर-तरीके बदलने होंगे और एक बार फिर पानी के इस्तेमाल के बारे में सोचना होगा, ताकि भविष्य में हर व्यक्ति के लिए, हर जगह पर ज़रूरत के अनुसार पानी उपलब्ध हो। जल संकट के हल के लिए हम इजराइल मॉडल से सीख सकते हैं।

दुनिया में पानी की समस्या एक विकराल समस्या के रूप में जन्म ले रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। अगर हालात नहीं बदले तो आने वाले सालों में स्थितियां और बदतर हो सकती हैं। कई बड़े शहरों के बारे में कहा जा रहा है कि आने वाले समय में वहां पानी खत्म हो सकता है। कुछ साल पहले हमने चेन्नई और कई शहरों को पानी के लिए मुश्किल में देखा है। तब वहां ट्रेनों से पानी भेजा गया। दिक्कत ये भी है कि हमारी कुछ आदतें ऐसी हैं, जिससे हम रोज काफी पानी बर्बाद करते हैं और हमें पता भी नहीं चलता। भले दुनिया विकास कर रही है। पर साफ पानी मिलना कठिन होता जा रहा है। पृथ्वी पर घटते पेयजल को बचाने और जल संरक्षण के प्रति आज भी हम गंभीर नहीं हैं। हम पानी की कीमत नहीं समझ रहे हैं। यही वजह है कि आज भारत समेत विश्व के ज्यादा देशों के सामने पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

चिंता की वजह साफ है। धरातल पर तीन चौथाई पानी होने के बाद भी पीने योग्य पानी सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। उस सीमित मात्रा के पानी का इंसान ने अंधाधुंध दोहन किया है। नदी, तालाबों और झरनों को पहले ही हम केमिकल की भेंट चढ़ा चुके हैं। जो बचा हुआ है, उसे अब हम अपनी अमानत समझकर अंधाधुंध खर्च कर रहे हैं। भले, नदियों की सफाई और उन्हें प्रदूषण मुक्त करने के लिए सरकारी व गैर सरकारी अनेक संगठन काम कर रहे हैं, लेकिन ये सब कसरत ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं। वर्षा जल संरक्षण के मामले में भी हम गंभीर नहीं है। सरकारी आह्वान के बावजूद लोग वर्षा जल संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं है। पर्यावरण का असंतुलन जल संकट को और बढ़ा रहा है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता दिनों दिन कम हो रही है।

बहरहाल, दुनिया की आबादी का 18 फीसदी हिस्सा भारत में रहता है, लेकिन यहां धरती के ताज़े पानी के स्रोत का केवल चार फीसदी ही है। हाल के सालों में जिस तेज़ी से लोगों की आय बढ़ी है, उसी तेज़ी से पानी की मांग भी बढ़ी है। लोग एयर कंडीशनर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे उपकरण ज्यादा खरीद रहे हैं। देश में बिजली की कुल ज़रूरत का 65 फीसदी से ज्यादा थर्मल पावर प्लांट से आता है और इनमें पानी का ज्यादा इस्तेमाल होता है। अगर बिजली का इस्तेमाल ज़्यादा होगा, तो इसके उत्पादन के लिए पानी की मांग भी उतनी ही बढ़ेगी। वहीं आय बढ़ने के साथ-साथ लोगों की खान-पान के तरीके बदले हैं। प्रोसेस्ड फूड की खपत ज्यादा हुई है और पहले के मुक़ाबले पानी की ज़रूरतें बढ़ी हैं। इसके अलावा शहरीकरण का बढ़ता दायरा और बारिश के पानी का बर्बाद होना भी बड़ी समस्या है।

गौर करने वाली बात ये है कि देश में पीने के पानी की ज़रूरत का 85 फीसदी भूजल से पूरा होता है। लेकिन मौजूदा समय में कई इलाक़ों में लोग पानी खरीदने को बाध्य हैं। देश में प्रदूषित पानी से हर साल क़रीब दो लाख मौतें होती हैं, जबकि लाखों लोग बीमार पड़ते हैं। पानी के संकट से परिवार तो प्रभावित होते ही हैं, इसका असर समाज पर भी पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में दस से



सात घरों में औरतें या लड़कियां पानी लाने का काम करती हैं। जिसका बुरा असर उनकी सेहत और परिवार की हालत पर तो पड़ता ही है, साथ ही इससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में पानी के संकट से निपटने के लिए हमें इजराइल से सीखने की जरूरत है। इजराइल ने वाटर मैनेजमेंट के जरिए अपने पानी के संकट को खत्म किया है।

दस साल पहले इजराइल की स्थिति भी भारत जैसी ही थी। इजराइल ने इस क्षेत्र में शानदार काम किया है। इजरायल ने कोई जादू की छड़ी नहीं घुमाई है कि पानी का संकट अपने आप खत्म हो गया। उसने दशकों तक पानी की समस्या पर काम किया। सेंट्रलाइज्ड वाटर मैनेजमेंट के जरिए उसने पानी की समस्या को खत्म किया। सबसे बड़ी बात है कि इजराइल ऐसा देश है जहां की 60 फीसदी जमीन रेगिस्तान है, बाकी धरती शुष्क है। 1948 में यहां जितनी औसत बारिश होती थी, उससे अब आधी हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज ने यहां भी असर डाला। उस पर इजराइल की आबादी 1948 की तुलना में 10 गुना बढ़ चुकी है। लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद इजराइल ने पानी के संकट को दूर किया।

इजराइल ने सबसे पहले दो-तीन तरीकों पर काम किया। पहले तो उसने पानी की बर्बादी रोकी, दूसरी गंदे पानी को साफ करने की तकनीक विकसित की, तीसरे उसने पानी के सप्लाई के रिसोर्सेज में इजाफा किया। इजराइल का वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कमाल का है। इन दो-तीन उपायों को अपनाकर इजराइल भरपूर जल संसाधन वाला देश बन गया है। हालत ये है कि चीन, जापान और कनाडा जैसे देश इजराइल की तकनीक अपना रहे हैं और उससे मदद मांग रहे हैं।

इजराइल के पास खारे पानी को पीने लायक पानी में बदलने की उन्नत तकनीक है। इस तरह की तकनीक हमारे पास भी है। लेकिन इजराइल की तकनीक कहीं ज्यादा विकसित है। इजराइल ने ऐसी छोटी मशीनें तैयार की हैं, जो आसानी से गंदे पानी को पीने लायक पानी में तब्दील कर सकती हैं। ऐसी मशीनों की लागत भी कम है और वो कहीं भी आसानी से ले जाई जा सकती हैं। भारत में ऐसी मशीनों से लैस गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में बड़े काम आ सकती हैं। इसके साथ ही इजराइल ने हवा से पानी बनाने की तकनीक भी विकसित की है। ये अपने आप में कमाल की तकनीक है। सौर उर्जा का इस्तेमाल करके यहां हवा की नमी से पीने का पानी बनाया जाता है। इजराइल ने खेती में पानी के कम से कम इस्तेमाल की तकनीक भी विकसित की है। इससे ड्रिप या माइक्रो इरिगेशन के जरिए वहां खेती में बहुत ही कम पानी से फसलों की पैदावार होती है। इस तकनीक में पानी सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचता है। इस विधि से 25 से 75 फीसदी तक पानी की बचत होती है। इजराइल ने एक और सबसे बड़ा कदम वेस्ट वाटर (गंदे पानी) को लेकर उठाया है। इजराइल करीब-करीब सारे सीवेज वाटर को ट्रीट करके खेती में इस्तेमाल लायक बना लेता है। पानी के संकट को रोकने का एक और तरीका है पानी के लीकेज को रोकना। यूरोपीय देशों तक में पाइप से पानी सप्लाई में करीब 20 से 30 फीसदी पानी लीकेज से बर्बाद हो जाता है। इजरायल में पाइप लीकेज से पानी की बर्बादी सिर्फ 9 से 10 फीसदी तक होती है।

स्पष्ट है कि समस्या का समाधान तो है, लेकिन इसके लिए हमें अपने तौर-तरीके बदलने होंगे और एक बार फिर पानी के इस्तेमाल के बारे में सोचना होगा, ताकि भविष्य में हर व्यक्ति के लिए, हर जगह पर ज़रूरत के अनुसार पानी उपलब्ध हो। नहीं तो, जैसा बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा था- पानी की अहमियत हम तब जानेंगे जब कुंआ सूख जाएगा। जल संकट का हल जरूरी है।

स्तनपान सप्ताह

डॉ. मोनिका शर्मा



# सजगता और सहयोगी परिवेश आवश्यक

शिशु के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा के लिए स्तनपान सबसे आवश्यक और प्रभावी तरीकों में से एक है। हर वर्ष स्तनपान सप्ताह के दौरान वैश्विक स्तर पर स्तनपान को लेकर जागररूकता लाने और इसका महत्व समझाने के प्रयास किए जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और कई स्वास्थ्य मंत्रालयों तथा नागरिक समाज सहयोगियों की इस साझी कोशिश के तहत हर वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह में लोगों को सजग करने के लिए कई आयोजन किए जाते हैं। मातृत्व और शिशु के पोषण के जुड़ा यह जागरूकता का उत्सव 120 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है। पहली बार 1992 में मनाया गया यह सप्ताह हर वर्ष एक विशेष विषय को संदर्भित करते हुए स्तनपान के फ़ायदों को लेकर जागरूकता लाने के साथ ही समर्थन और प्रोत्साहन देते हुए हर जगह माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की बेहतरी सुनिश्चित करने से जुड़ा है। ध्यातव्य है कि वर्ष 2024 का विषय है अंतर को कम करना- सभी के लिए स्तनपान सहायता' रखा गया है।

दरअसल, स्तनपान मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है। बच्चे के शरीर को पोषण देने वाली ब्रेस्ट फीडिंग मां के शरीर को भी कई व्याधियों से बचाती है। इतना ही नहीं, मनोवैज्ञानिक रूप से भी मां और बच्चे दोनों को इसका लाभ मिलता है। स्तनपान से मां-बच्चे के बीच संबंध मजबूत होता है। स्तनपान से शिशु की बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है। मानसिक और शारीरिक सेहत से जुड़े इन्हीं फ़ायदों के बारे में जन-जागरुकता बढ़ाने के लिए सप्ताह भर कुछ विशेष आयोजन किए जाते हैं। असल में मां के दूध में



कैलोरी, विटामिन, खनिज जैसे कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही बच्चों के समग्र विकास की नींव मजबूत करते हैं। वर्ष-2024 के विषय के अनुसार अभियान के तहत स्तनपान कराने वाली माताओं की स्तनपान यात्रा और विविधता का जश्न मनाया जाएगा। स्तनपान को लेकर माताओं के अनुभवों और अनुभूतियों की चर्चा जाएगी। साथ ही इस पहलू पर भी जागरूकता लाने के प्रयास किए जाएंगे कि किस तरह से परिवार, समाज, समुदाय और स्वास्थ्य कार्यकर्ता हर स्तनपान कराने वाली मां के लिए सहयोगी बन सकते हैं। किस तरह पूरा परिवेश ब्रेस्ट फीडिंग की यात्रा को सहज बनाने में मददगार बन सकता है।

विचारणीय है कि परंपरागत रूप से भारतीय परिवारों में स्तनपान को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। स्तनपान कराने वाली माताओं के प्रति अनकहा-सा सहयोगी व्यवहार सदा ही रहा है। आज वैज्ञानिक अध्ययनों से पुख्ता होती यह समझ हमेशा रही है कि स्तनपान शिशुओं के संरक्षण और संवर्धन का काम तो करता ही है, बच्चे और मां दोनों की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ाता है। माताओं में सेहत की बेहतरी से जुड़े बहुत से हार्मोन्स में सकारात्मक बदलाव लाता है। तकलीफदेह है कि आधुनिकता के फेर में बहुत महिलाएं ब्रेस्ट फीडिंग से दूसरी बना रही हैं। बहुत सी कामकाजी महिलाएं भी बच्चों को स्तनपान नहीं करवा पातीं। ऐसी स्थितियां बच्चों ही नहीं माताओं का स्वास्थ्य भी बिगाड़ रही हैं। 2 साल की उम्र तक स्तनपान कराने से बच्चे कुपोषण और बहुत सी आम बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। डेनमार्क में कोपनहेगन विश्वविद्यालय स्थित जीवन विज्ञान संकाय के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा 9, 18 और 36 माह के 330 बच्चों के आहार और स्वास्थ्य को लेकर हुए विस्तृत अध्ययन में सामने आया कि स्तनपान भविष्य में शिशु को मोटापे और मधुमेह जैसे खतरों से बचाता है। वहीं माताएं भी कई तरह की आम और गंभीर व्याधियों से बची रहती हैं। ना केवल प्रसवोत्तर स्वास्थ्य लाभ में तेजी आती है बल्कि स्तन और ओवेरियन क़ैसर का जोखिम भी कम होता है। इसके साथ ही मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग से भी बचाव होता है।

## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित

दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा: उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा: आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहा: ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछा: पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोला: तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा: क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला: जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती

एक अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती की जा रही है। इस दिन से अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए, स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया और स्कूलों ने विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाती समय हैल्मेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूर करना चाहिए, न कि चालान के डर से। *- प्रीतिम सिंह, धमतरी*

## करंट अफेयर

### बांग्लादेश ने जमात के छात्र शाखा पर लगाया प्रतिबंध

बांग्लादेश ने देशव्यापी अशांति के बाद जन सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे का हवाला देते हुए आतंकवाद रोधी कानून के तहत जमात-ए-इस्लामी और इसकी छात्र शाखा 'इस्लामी छात्र शिबिर' पर बृहस्पतिवार को प्रतिबंध लगा दिया। गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा प्रभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में इस्लामिस्ट पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई। यह पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख सहयोगी है। बांग्लादेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर देशभर में हुए छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।



## ऑफ बीट

### साल दर साल दुनिया के ग्लेशियर पीछे हट रहे

जैसे-जैसे वैश्विक तापमान साल-दर-साल बढ़ रहा है, दुनिया के ग्लेशियर पीछे हट रहे हैं। बर्फ की ये नदियाँ और यहां तक कि ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका को ढकने वाली बड़ी बर्फ की चादरें पिघल रही हैं - और पिघलने की गति तेज हो रही है। केवल कुछ ही प्रजातियाँ होती हैं जो ग्लेशियरों और बर्फ की चादरों में रह सकती हैं, बर्फ के कीड़ों से लेकर बर्फ के पिस्सू और बर्फ के शैवाल तक। जब बर्फ पिघलती है तो इन प्रजातियों को उसके साथ पीछे हटना पड़ता है। लेकिन उन क्षेत्रों का क्या होता है जो ग्लेशियर पीछे छोड़ जाते हैं? क्या जीवन आगे बढ़ता है'



## ट्रेंड

### सिस्टम क्यों नहीं बनाया



2 करोड़ लोग रोज रेल यात्रा करते हैं, विपक्ष झूठ फैलाकर उनके मन में डर बिठाना चाहता है। 12 लाख कर्मचारी रेलवे की सुचारू रूप से चलाने के लिए मेहनत करते हैं। विपक्ष 3 दुर्घटनाओं को मुद्दा बना रहा है, कांग्रेस ने 58 साल में रेल दुर्घटना रोकने के लिए सिस्टम क्यों नहीं बनाया।

-अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

### पुरानी संसद अच्छी



इस नई संसद से अच्छी तो वो पुरानी संसद थी, जहां पुराने सांसद भी आकर मिल सकते थे। क्यों न फिर से पुरानी संसद चलें, कम-से-कम तब तक के लिए, जब तक अरबों रुपयों से बनी संसद में पानी टपकने का कार्यक्रम चल रहा है।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### बीमारी का इलाज



जाति व्यवस्था अगर बीमारी है तो जातिगत जनगणना इसके इलाज के लिए उठाया हुआ कदम हो सकता है। यह बेतुका है कि जाति व्यवस्था में विश्वास न करने और जनगणना का समर्थन करने के बीच विरोधाभास है। मेरी स्थिति जाति व्यवस्था को दृढ़ता से अस्वीकार करने की है।

-योगेंद्र यादव, संस्थापक स्वराज इंडिया

### बहुत आनंद आया



लंदन में अपने भारतीय समुदाय के साथ प्रार्थना और जप करने में बहुत आनंद आया। वैसे यह मेरी आध्यात्मिक आत्मा की ज़रूरत भी है। घर से दूर, लेकिन मुझे ऐसा लगा जैसे मैं घर में ही हूं।

-परिणीति चोपड़ा, अभिनेत्री

## संक्षेप

### नीलगाय से टकरा कर बाइक सवार दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जा पुर अजीगाव के पुल के पास लगभग आधी रात्रि को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन पर अचानक नीलगाय के आ जाने से बाइक सवार सुमित पुत्र रामपाल निवासी गणेश खेड़ा औरास व दिलीप पुत्र जयसिंह निवासी गौरिया कलां माडर हरदोई जो की टकराकर घायल हो गए वही राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां से दोनो का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल दिलीप को लखनऊ के ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया है

### महिला ने अपने ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

पुरवा, उन्नाव। कोतवालीक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम छत्ताखेड़ा निवासिनी अंजली पत्नी देशराज के मुताबिक बीते 30 जून को 4 बजे वह अपने छोटे बच्चे संग ससुराल आई थी।जहां ससुरालीजनों में सास राजकुमारी, देवरानी शालिनी व भांजा निर्मल जाबेजा गालियां देते हुए उसे घर में घुसने नहीं दिया।जिसका विरोध करने पर उसे लाठी डंडों व हाथों से पीटा।और देवर की पत्नी शालिनी ने उसकी बैग से 4 हजार रुपये व राजकुमारी ने मंगलसूत्र व भांजे निर्मल ने उसका मोबाईल लूट लिया।वहीं आरोपी पति के कहने पर दहेज में एक लाख की नगदी व मोटर साइकिल न लाने पर पति द्वारा जान से मार देने की धमकी देने लगे।पीड़िता ने जिलाधिकारी, एसडीएम, सीओ व कोतवाली की गणेश परिक्रमा बाद भी मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया। पीड़िता की तहरीर बाद कोतवाली पुलिस ने ससुराली जनों के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### पीएचडी की उपाधि हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र ग्राम मोहकमपुर मजरे मनिकापुर निवासी उमेश चन्द्र पाण्डेय ने फार्मास्युटिकल साइंस मे पी एच डी उपाधि हासिल कर जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया है तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम मोहकमपुर मनिकापुर निवासी उमेश चन्द्र पाण्डेय पुत्र उदय शंकर पाण्डेय ने एम फार्मा करने के बाद फार्मास्युटिकल साइंस मे ₹ फाइटो केमिकल एण्ड फामाकोलोजिकल स्क्रीनिंग आफ पाली हर्बल फामूर्लेशन फार एन्टी एंजाइटी एक्टीविटी ₹ पर शोध कर डा ए पी जे अब्दुल कलाम विश्व विद्यालय इंदौर मध्यप्रदेश से डाक्ट्रेट की उपाधी हासिल कर बने 'डा उमेश चन्द्र पाण्डेय ' ने जिले का नाम रोशन किया।उन्होंने यह उपलब्धी हासिल कर क्षेत्र जिले का नाम रोशन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर सुरेश तिवारी , पंकज सिंह प्रधानाचार्य,सुनील सिंह ,अश्वनी पाण्डेय ,आशुतोष सिंह एडवोकेट, मुन्ना सिंह मंडफहा, ललानी शुक्ला,अरुण मिश्रा ,अनिल सिंह , आनन्द मिश्रा , मनीष चन्द्र पाण्डेय ,यादवेन्द्र शुक्ला , सुनिल कुमार , मुकेश दुबे , संजय यादव आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी ।

# रोस्टिंग और फाल्टों से बिगड़ी नगर की विद्युत व्यवस्था

## उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की कर रहा तैयारी

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। लोगों को निर्बाध रुप से बिजली की आपूर्ति हो इसके लिए पाँच दिन पहले राज्य सरकार की ओर से निगमों के प्रबंध निदेशकों को ग्रामीण इलाके में 18 घंटे की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए 6 घंटे के रोस्टर में ही लोकल फॉल्ट शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन उसके बाद भी नगर पंचायत रुपईडीहा में अघोषित बिजली कटौती जारी है। नगर पंचायत रुपईडीहा में हो रहे रोस्टिंग और फाल्टों से बिगड़ी नगर की विद्युत व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा इकाई के पदाधिकारी मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा इकाई के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि विगत 20 दिनों से नगर में बिजली की समस्या बनी हुई है। बार-बार फाल्ट, ट्रिपिंग, रोस्टिंग के नाम पर हो रही अघोषित विद्युत कटौती के कारण सभी व्यवसायिक सहित अन्य कार्य ठप हो रहे हैं जिससे व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा लाइट न रहने से पानी की समस्या, बच्चों की पढ़ाई और लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इसी क्रम में व्यापार मंडल के द्वारा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए अविलम्ब संबंधित विभाग को व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किये जाने से संबंधित पत्र ज़िलाधिकारी को दिया जायेगा। ज्ञापन सौंपने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा इकाई की चार सदस्यीय टीम अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री संजय कुमार, संरक्षक रतन अग्रवाल सहित विजय मित्तल जायेंगे।




# 10 अगस्त से घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

लक्षण दिखने से पहले, सभी कर लें दवा का सेवन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है जो एक विशेष प्रकार के मच्छर क्यूलेक्स के काटने से एक दूसरे में फैलती है, बीमारी के लक्षणों में हाथ, पैर, महिलाओं के स्तन में सूजन, हाईड्रोसिल, पेशाब में सफेद रंग का पानी आना और सूखी खांसी शामिल हैं। एक बार लक्षण प्रकट होने के बाद इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है लेकिन साल में एक बार लगातार पांच साल तक 5 खुराक दवा सेवन करने से फाइलेरिया से बचा जा सकता है। यह बातें शनिवार को देर शाम एसडीएम सदर की अध्यक्षता में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत तहसील स्तरीय विभागीय समन्वय की बैठक में अर्बन नोडल संचारी रोग डॉ. पीके वर्मा ने कही। डॉ. वर्मा ने कहा कि इसके लिए जनपद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अगस्त से 3 सितम्बर तक सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए) चलाया जाएगा, इसमें 3594 टीमें जनपद की लक्षित 37.63 लाख आबादी को दवा सेवन कराएंगी। चित्तौरा सीएचसी के अधीक्षक डॉ तबरेज ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव की दवाएं पूरी तरह सुरक्षित और कारगर हैं। यह दवा दो वर्ष की आयु से छोटे बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी उम्र के लोगों को खिलाई जाएगी। रिसिया सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रत्यूष सिंह ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन कराने का अभियान सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलाया जायेगा। इसमें दो सदस्यों की टीम प्रत्येक कार्य दिवस में घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवाएं खिलाएंगे। बैठक के अंत में एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या ने सभी विभागों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए और ग्राम प्रधान और शहरी क्षेत्रों के वार्ड अध्यक्षों से 10 अगस्त को स्वयं दवा सेवन कर अभियान का शुभारंभ करने की अपील की। इस अवसर पर सीओ सिटी, संबंधित ब्लॉक के बीडीओ, सीएचसी अधीक्षक, सीडीपीओ, ऐडीओ पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी, कृषि अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक फायलेरिया इंस्पेक्टर, सहित पीसीआई संस्था के डिस्ट्रिक्ट मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर सहित करीब 40 लोग उपस्थित रहे।

# 6 वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बिहार क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत पनई खुर्द निवासी वारिस अली का 6 वर्षीय पुत्र वाहिद अली की शनिवार शाम 5 बजे तालाब में डूब कर मौत हो गयी। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार वारिस अली का 6 वर्षीय लड़का वाहिद पड़ोस के बच्चों के साथ जोधा बाबा तालाब में नहा रहा था। अचानक बच्चा डूबने लगा जिससे साथी बच्चे जोर-जोर से वाहिद का नाम लेकर पुकारने लगे लेकिन वाहिद गहरे पानी मे डूब गया।पड़ोस के लोगो के पहुचने पर वाहिद को पानी से निकाल

ऊँचगाँव के अस्तपताल की ओर भागे लेकिन रास्ते मे ही मुड़ियन खेडा के पास उसकी मौत हो गयी।स्वजनो ने वाहिद का पोस्टमार्टम कराए बिना ही रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया। म्रतक के पिता वारिश अली की भगवंतनगर चौराहे पर आसिफ टेलीकॉम के नाम से मोबाइल की दुकान है। म्रतक वाहिद का एक बड़ा भाई आसिफ उम्र लगभग 15 वर्ष व एकमात्र बहन दुआ है जिसकी उम्र लगभग9 वर्ष है ।पूरे परिवार का रो रो बुरा हाल है।



# फखरपुर पुलिस का सराहनीय कार्य, गुमशुदा बच्ची को परिजनों से मिलाया

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच।फखरपुर कस्बा में सुबह से लावारिस गुमसुम एक 10 वर्षीय लड़की जिसका नाम नंदिनी को घूमते हुए फखरपुर कस्बे में लोगों ने देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फखरपुर थाने पर दी।सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक व महिला आरक्षी मौके पर पहुंचे बच्ची को अपने साथ थाने ले आई नाम पता पूछने पर लड़की सिर्फ अपना और अपने पिता का नाम बता पा रही थी।इस लिए बच्ची के परिजनों को तलाश करना पुलिस के लिए काफी मुश्किल था फिर पुलिस द्वारा फखरपुर क्षेत्र के सभी गांव का नाम नंदिनी के सामने बताते हुए पहचान करने की कोशिश की लेकिन अपने गांव का नाम फिर भी नहीं बता पाई। उसके बाद बोडी क्षेत्र के गांव का नाम जब गिनवाना शुरू किया तब लड़की ने विशवा नाम सुनते ही कहा कि यहां पर हमारी फूफी रहती है। जिस पर पुलिस द्वारा विस्वा निवासी डीपी अवस्थी से संपर्क किया गया तब जाकर नंदनी के परिजनों का पता चला। नंदिनी के परिजनों से संपर्क किया गया।इस दौरान बच्ची को भूखी प्यासी देख थाना अध्यक्ष अभिनव कुमार सिंह द्वारा बाजार से बिस्किट चिप्स मंगवा कर बच्ची को खाने के लिए दिया बच्ची बैठकर बिस्कुट खा रही थी। तभी थाना अध्यक्ष की नजर बच्ची के पैर पर पड़ी तो नंगे पैर थी और पैर में मच्छर काट रहे थे जिस पर तत्काल बच्ची के लिए एक लोअर पहनने के लिए चप्पल मंगवा या उसके बाद परिजनों के पहुंचने पर बच्ची को उनके सपोर्ट किया गया। बच्ची के पिता चेतराम निवासी चारीगाह थाना बौंडी ने फखरपुर पुलिस को धन्यवाद कहा अपने परिवार से मिलकर नंदिनी के चेहरे पर खुशी देखी गई।



# नाबालिग के साथ दुष्कर्म में 24 घंटे के अंदर युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच।फखरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गजाधरपुर के पास स्कूल से आ रही एक नाबालिक बच्ची को बसन्तापुर मोड़ के आगे गन्ना के खेत में चाकू दिखाकर धमका कर गन्ना के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-307/2024 धारा 65(1)/351(3) बीएनएस व श(2) पाक्सो एक्ट थाना फखरपुर बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह द्वारा गठित फख ?पुर पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत से थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से अभियुक्त की पहचान पीडिता से कराकर प्रकाश में आये अभियुक्त कादिर पुत्र गुलजार निवासी खपुरवा थाना फखरपुर जनपद बहराइच उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तारी हेतु दविश दिया जा रहा था। मुखबीर की सूचना पर 24 घंटे के अंदर ही अभियुक्त को खपुरवा मोड़ से 80 मीटर दूरी पर गिरफ्तार कर लिया गया।

# बैजनाथ धाम के लिए रवाना बोलबम कांवड़िया संघ का जत्था

- सुल्तानपुर के कादीपुर से 70 शिवभक्त निकले, 8 दिन तक चलेगी यात्रा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, बोलबम कावांरिया संघ कादीपुर ने रामू बोलबम के संयोजन में 70 शिवभक्त कांवड़ियों का जत्था बैजनाथ धाम के लिए रवाना किया।जत्था कादीपुर नगर भ्रमण करते हुए शाहगंज रोड, रानीपुर कायस्थ गांव स्थित महाकाल शनिदेव अवसान माता मन्दिर पहुंचा। यहां अवधूत कपाली बाबा के संरक्षण में पूजन अर्चन कर आठ दिवसीय कांवड यात्रा का शुभारंभ किया।संयोजक रामू बोलबम ने बताया कि यह यात्रा महाकाल शनिदेव अवसान माता मन्दिर से प्रारंभ होकर बिजेथुआ महावीरन, शीतला चौकिया धाम, त्रिलोचन महादेव, मार्कण्डेय महादेव, काशी विश्वनाथ होते हुए बैजनाथ धाम झारखंड में पूर्ण होगी।कार्यक्रम के संरक्षक अघोर पीठ बाबा सत्यनाथ मठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा ने बताया कि सावन माह भगवान शिव का माह है।इस माह में भगवान शिव की पूजा अर्चना जलाभिषेक बहुत फलदायी होता है।कांवड़ यात्रा प्राचीन सनातन संस्कृति की परम्परा के साथ भगवान शिव की भक्ति का द्योतक है। इस यात्रा में सहसंयोजक ठाकुर प्रसाद मिश्र, नीरज साव, रोहित अग्रहरि, अंकित तिवारी, धीरेन्द्र शर्मा गोलू, हरी लाल शर्मा,मनोज अग्रहरि, इन्द्र कुमार, शमशेर सहित अनेक शिवभक्त कांवरिया उपस्थित रहे।



# डीएम का कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण

## लेखाकार के अनुपस्थित होने पर डीएम ने एक दिन का वेतन काटने का दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर डीएम डा. राजागणपति आर ने नौगढ़ विकास खंड के धेन्सा में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रसोई घर की साफ-सफाई व्यवस्था को सही पाया गया, जबकि शौचालय की सफाई व्यवस्था में कमी मिली। डीएम ने विद्यालय में बच्चों को ड्रेस, जूता-मोजा के पैसे डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में जाने की जानकारी पर नाराजगी व्यक्त की और अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए कि वे ड्रेस आदि खरीद लें। डीएम ने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली और प्रधानाध्यापक गीता यादव को निर्देश दिया कि वे भोजन रजिस्टर को प्रतिदिन चेक करें।निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम में सामान बिखरा हुआ पाया गया और आवश्यक सामग्री की क्वालिटी सही नहीं मिली।

डीएम ने खाने की सामग्री को बदलकर अच्छी क्वालिटी की सामग्री मंगाने को कहा। लेखाकार नितेश कुमार गुप्ता के अनुपस्थित होने पर डीएम ने उनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।योगा प्रशिक्षक को छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने और मेडिकल कैम्प प्रत्येक महीने लगाने का भी निर्देश दिया गया।साफ-सफाई व्यवस्था को ठीक कराने के लिए भी निर्देश दिए गए।

इस निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य गीता यादव और अन्य अध्यापक उपस्थित थे।



# बिजली संकट पर ग्रामीणों का हंगामा

- 24 घंटे बिजली का सरकारी दावा खोखला, बिजली कटौती के विरोध में ग्रामीणों ने लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा जनपद के गुरेह गांव में बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों ने सड़कों पर उतरकर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें 24 घंटों में केवल 7 घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे रात में अंधेरे में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। गुरेह गांव के निवासी, जो लंबे समय से बिजली की कटौती और लो वोल्टेज से परेशान हैं, ने आज बिसंडा मार्ग पर जाम लगा दिया। उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी समस्या को उजागर किया। सूचना मिलते ही पुलिस, सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीओ देवदत्त आर्या मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लगभग 2 घंटे तक चले इस जाम को हटवाया और ग्रामीणों को बिजली देने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बिजली की समस्या के बारे में बताया था और 24 घंटे के भीतर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की थी। लेकिन 42 घंटे बीत जाने के बावजूद जब कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो उन्हें जाम लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कितनी जल्दी बिजली की समस्या को दूर करता है और ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरता है।



# सुलतानपुर में पीड़ित को आया कॉल

## मुकदमे में कार्रवाई के नाम पर मांगे गए पैसे, एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर के लम्भुआ में ढाबे पर पहुंचकर कारीगर को पीटने के मामले में दर्ज मुकदमे में पुलिस बताकर कार्रवाई करने को लेकर अलग-अलग नंबरों से ढाबा संचालक से फोन करके पैसे मांगे गए। ढाबा संचालक ने इस मामले में तहरीर देकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को तुलसी नगर (शाहपुर) फोरलेन के किनारे स्थित मनभावन ढाबे पर रात्रि में कुछ लोग पहुंचकर ढाबे पर कार्य कर रहे कारीगर को पीटने लगे। जिसमें कारीगर का मोबाइल और पैसा भी गायब हो गया था। इसकी जानकारी मनभावन ढाबा संचालक अशोक सिंह ने स्थानीय कोतवाली पर तहरीर देते हुए की। ढाबा संचालक की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को लम्भुआ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया था। ढाबा संचालक अशोक सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही लगातार चार नंबरों से उनके मोबाइल नंबर पर फोन आ रहे थे। जिसमें अलग-अलग व्यक्ति पुलिस के नाम पर मुकदमे में कार्रवाई करने के लिए बार-बार पैसे की मांग कर रहे थे। फोन करने वाला व्यक्ति अपने आप को पुलिस बताते हुए मुकदमे में कार्रवाई के नाम पर रकम न देने पर मुकदमे को डिसमिस करने की बात कह रहा था। .ढाबा संचालक ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया की ट्रूकॉलर एप पर मोबाइल नम्बर 7224014685 भारत सरकार एसपी, 8269607232 ख्याति अंकित पाठक, 9891093865 पुन्या समन्त्रया, 7909814815 विपिन गुप्ता का नाम शो कर रहा है। इन नंबरों से मुकदमे में कार्रवाई के नाम पर लगातार पैसे की मांग की जा रही है। लंभुआ नगर पंचायत के तुलसी नगर निवासी अशोक सिंह ने तहरीर देकर स्थानीय कोतवाली में सूचना दिया।

# ज्वैलरी दुकानदार से 1.5 लाख की छिनैती

- पल्सर बाइक से आए थे बदमाश, बैग लेकर हुए फरार

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुलतानपुर में कोतवाली देहात के हनुमानगंज बाजार में ज्वैलरी दुकानदार का आभूषण और नकदी से भरा बैग लेकर पल्सर सवार बदमाश भाग निकले।सूचना पर पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।सीसीटीवी फुटेज को जांच रही है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज बाजार में सरेआम बदमाश ज्वैलर्स की दुकान से बैग लेकर पल्सर से भाग निकले। भपटा निवासी अर्जुन सोनी हनुमानगंज बाजार मे शंभूगंज रोड पर बृज भूषण साहू के मकान के कमरे में किराए पर ज्वैलरी की दुकान किए हैं। वह अपने बैग में करीब 25 हजार नकदी और एक लाख के जेवरात रखकर दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक काली पल्सर से उतर कर आया और उनका बैग लेकर भागने लगा। वह दुकान से निकलकर दौड़े तब तक वह पल्सर पर साथी के साथ बैठकर विकवाजितपुर की ओर भाग निकला।इसकी सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई।कोतवाली देहात पुलिस पहुंची और घटना की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। आस पास के सीसीटीवी में भी एक युवक पल्सर से उतरकर बैग लेकर भागता दिख रहा है। इस दुस्साहसिक घटना से बाजार में लोग सहमे हुए हैं। घटना स्थल के बगल ही 4 महीने पहले संतोष सोनी की दुकान से इसी प्रकार की ढाई लाख की छिनैती हुई थी। सरेआम बाजार में बदमाश बेधड़क घटना को अंजाम दे रहे हैं।



## संक्षेप

### बकरी चरा रही महिला ने पीटा,केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के पिछौरा गांव में एक महिला ने खेत में सब्जी चर रही बकरी को मना किया तो डंडे से मारकर सिर फोङ दिया।पीडीत के तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।क्षेत्र के पिछौरा निवासी राजकुमार की पत्नी गीता ने पुलिस को बताया खेत में सब्जी लगा रही है।सब्जी बकरी चर रही थी।मना किया तो बकरी चरा रही युवती गाली गलौज करने लगी।विरोध किया तो दो और महिलाओं के साथ डंडे से मारकर सिर फोङ दिया।पुलिस ने तहरीर पर संध्या व उसकी बेटी कामिनी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### बच्चियों के लिए सामुदायिक गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र के नगवा ब्लॉक में 'चाइल्ड राइट्स एंड यू' (सीआरवाई) की सहयोगी परियोजना, सोनभद्र विकास समिति ने ग्रामीण समुदाय, पंचायत सदस्यों और फ्रंट लाइन वर्करों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की। इस गोष्ठी का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए जागरुकता बढ़ाना था।इसमें चार गांवों-विरंचुवा, नंदना, पोखरौध और लौवा के लोग शामिल हुए।परियोजना सचिव राजेश चौबे ने बताया कि सीआरवाई एक राष्ट्रीय बाल अधिकार संगठन है।सोनभद्र में बालिकाओं के 100% नामांकन को सुनिश्चित करने के लिए 4 जुलाई से 15 अगस्त तक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत घर-घर जाकर जागरुकता फैलाने, रैलियों, दीवार लेखन और गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।विरंचुवा और लौवा गांव के स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में स्कूलों की कमी है।जिससे बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है।उन्होंने मिडिल स्कूल और हाई स्कूल की मांग की, क्योंकि इन गांवों में केवल एक प्राइमरी स्कूल है। हाईस्कूल 10 किलोमीटर दूर है।पंचायत के प्रधान ने भी इस समस्या पर चिंता जताई।सरकार से प्राथमिकता के आधार पर स्कूल बनाने की मांग की। इस मौके पर कई समन्वयक और पंचायत सदस्य भी मौजूद थे।सभी ने बच्चों की शिक्षा पूरी कराने का संकल्प लिया।

### बलरामपुर में अवैध रूप से संचालित अस्पताल सील

बलरामपुर, बलरामपुर में अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल को गुरुवार शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल में लोगों का इलाज किया जाता था।हॉस्पिटल में कोई भी डॉक्टर नहीं थे, मेडिकल संचालक द्वारा इलाज किया जा रहा था। जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल सील कर दिया। मामला गौरा चौराहा के उतरौला रोड का है। यहां पर अवैध रूप से यादव मेडिकल हाल के आंड में हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा था। अवैध हॉस्पिटल का संचालक का नाम प्रेम कुमार यादव है। जिसके पास मेडिकल का लाइसेंस है।

## प्राथमिक विद्यालय महावीर छपरा में बाल संसद का हुआ गठन

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर।रेकिट इंडिया एवं प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत विकासखंड पिपरौली के प्राथमिक विद्यालय महावीर छपरा में नामांकित बच्चों में से चुनाव प्रक्रिया के द्वारा बाल संसद के सदस्यों का चुनाव किया गया जिसमें प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री के अलावा बाल संसद के 12 मंत्रीयो का चुनाव विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षकों के उपस्थित में किया गया। कार्यक्रम के जिला लीड रंजीत कुमार ने बताया कि बाल संसद छात्रों में जीवन कौशल का विकास करने, नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने, विद्यालय गतिविधियों एवं प्रबंधन में भागीदारी सुनिश्चित करने, विद्यालय को आनंददायी, सुरक्षित और साफ-सुथरा रखने के लिए बाल संसद का गठन किया जाता है। बाल संसद विद्यालय बच्चों का एक ऐसा मंच है, जहां वे अपने विद्यालय, समाज, परिवार, स्वास्थ्य-शिक्षा और अपने अधिकारों की बात खुलकर कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने बाल संसद सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई।स्कूल कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार पांडेय द्वारा सभी बाल संसद के सदस्यों को शपथ ग्रहण करायें। मौके पर बाल संसद के अलावा प्रधानाध्यापिका संगीता श्रीवास्तव, हेना यामीन, वीरेंद्र प्रताप नारायण सिंह सहित अन्य शिक्षिक उपस्थित थे।

### विवाहिता को कार व दो लाख रुपए के लिए कर रहे प्रताड़ित

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के बरवार खुर्द निवासी विवाहिता को ससुराल वाले दहेज में कार दो लाख नगद मांग को लेकर विवाहिता को प्रताङित कर रहें है।विवाहिता के तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों पर केस दर्ज कर मामलें की शुरू कर दिया है।क्षेत्र के बरवार खुर्द निवासी पंचम विश्वकर्मा के बेटी रीतू की शादी 20जनवरी 2022में बांसगाव थाना क्षेत्र के भटवली बाजार निवासी प्रिंस विश्वकर्मा से हुई थी।ससुराल जाने के बाद पता चला कि प्रिंस की शादी मां बाप के दबाव में हुआ है।वह दूसरे लङकी से प्रेम करता है।फिर रीतू को ससुराल वाले कार व दो लाख रुपए के प्रताङित कर रहे है।किसी तरह विवाहिता मायके आकर थाने में ससुराल वालों के खिला तहरीर दी।प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र राय ने बताया विवाहिता के तहरीर पर पति प्रिंस,ससुर राधेश्याम,सास प्रभावती,देवर प्रवेश,ननद सोनी व नेहा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## धूमधाम से निकली कलश यात्रा, गुंजा जयकारा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर नगर पंचायत पीपीगंज के वार्ड नंबर 4 में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ।गाजे-बाजे के बीच निकली कलश यात्रा में भक्ति का माहौल बना रहा। हर तरफ वातावरण में जयकारे की गूंज सुनाई पड़ रही थी।दोपहर में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई।भक्ति गीतों के बीच आगे-आगे शोभा यात्रा में शामिल लोग अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे, तो पीछे कलश लिए महिलाएं आगे बढ़ रही थीं।जहां मंत्रोच्चार के बीच भरोहिया मन्दिर के जलाशय से कलश भरा गया।फिर यहां से यात्रा वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची।जहां पर विधि विधान के साथ कलश स्थापित कराया गया। श्रीराम महायज्ञ की निकली कलश यात्रा नगर पंचायत पीपीगंज के वार्ड नंबर 4 में नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ।गाजे-बाजे के बीच यात्रा में चारों तरफ भक्ति का माहौल छाया रहा। कार्यक्रम की तैयारी सुबह से शुरू हुई। महिलाएं व बालिकाएं भी कलश लिए वहां पहुंचने लगीं। 10 बजे के आसपास में धूमधाम से कलश यात्रा निकली।यात्रा यज्ञ स्थल से तिघरा चौराहा होते हुए पितेश्वर नाथ पहुंचकर जल भरा और भरोहिया होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा।

## जमानत पर छूटा आरोपी ने पिता-पुत्र पर किया हमला

### बीआरडी मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। पीपीगंज थाना अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा जसवल में पुरानी रंजिश के चलते पिता व पुत्र को मारपीट कर उसे घायल करने के आरोप में पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। मुकेश कुमार पाठक ने बताया विनय पाठक व उसके साथी पुरानी रंजिश को लेकर मुझे और मेरे पिता पर चाकू व लोहे की राड से जान लेवा हमला कर दिया जिसमें हमारे पिता जी को गम्भीर रूप से चोटिल हो गए जिनका इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के ट्रामा सेंटर में चल रहा है।विनय पाठक अपराधी किस्म का इन्सान है और अभी जमानत पर बाहर हैं। अभी तक किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने से हमारा पुरा परिवार दहशत में हैं। पीपीगंज पुलिस ने बताया पाठक की शिकायत पर उक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ 191(2) 191(3) 190 118(1) 115(2) 352 324(2) 109 333 351(3) केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## काली मंदिर घोटाले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिले स्थानीय लोग

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।पीपीगंज कस्बे में स्तिथ प्राचीन काली मंदिर पर हुए चहारदीवारी व गेट के निर्माण कार्य वाले मामले में रविवार के दिन सैकड़ो की तादात में व्यापारी व उनका प्रतिनिधित्व कर रहे विपिन सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मंदिर के घोटाले समेत अन्य अनेकों भ्रष्टाचार के बारे में अवगत कराया।जिस पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया है।प्राप्त जानकारी अनुसार 3 माह पूर्व कस्बे में स्तिथ प्राचीन काली मंदिर के परिसर में चहारदीवारी व गेट के निर्माण के लिए नगर पंचायत ने 14 लाख रुपए का निविदा कर उसका वर्क ऑर्डर अपने ही एक रिश्तेदार के फर्म शिव शक्ति एसोसिएट को दिया।आरोप है कि इसी फर्म को नगर पंचायत ने 8 लाख रुपए फर्जी भुगतान भी कर दिया।जिसकी जांच शासन के आदेश पर जिलाधिकारी ने दो प्रशासनिक अधिकारियों की टीम गठित कर मामले की जांच करवाया था।बता दे कि इसी क्रम में बिपिन सिंह ने मुख्यमंत्री को दिए अपने ज्ञापन में बताया कि नगर अध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा शासन द्वारा दिए गए गनर का धौस दिखाकर आय दिन किसी न किसी व्यक्ति को प्रताड़ित कर उन पर फर्जी केस दर्ज देते है।साथ में नगर अध्यक्ष ने अपने एक रिश्तेदार के फर्म के नाम पर करोड़ों रुपए का फर्जी भुगतान करवा लिया है व नगर अध्यक्ष ने अपने शक्तियों का दुर्पयोग करते हुए नगर की बेशकीमती जमीन भूमाफियाओं को बेच दी है या तो उसका सौदा कर दिया है।साथ में अन्य अनेकों गंभीर आरोप लागए है।इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष गंगा प्रसाद जायसवाल,सभासद रामानंद मद्धेशिया,राजन सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीतापुर में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या

### शराब पीने के दौरान हुआ था विवाद, तीन लोगों पर एफआईआर

संवाददाता



सीतापुर, सीतापुर में दबंगों ने एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी।वारदात के दौरान मृतक और आरोपियों के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हो गया।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस ने कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामला महोली कोतवाली इलाके का है।कोतवाली इलाके के ग्राम उमरिया निवासी राजकिशोर सिंह की डंडे से प्रहार कर हत्या से हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार मृतक राजकिशोर और हत्यारोपियों में छैलबिहारी, शिवनरायन, सूरज के साथ देर शाम गांव के तिराहे पर शराब का सेवन कर रहे थे।इसी दौरान किसी बात को लेकर मृतक और तीनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान तीनों ने डंडे से सिर पर कई बार राजकिशोर पर प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## सीतापुर में फंदे से लटककर पंचायत सेक्रेटरी ने की आत्महत्या

- काम के बोझ और ट्रांसफर के कारण डिप्रेशन में था

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में विकास विभाग में तैनात ग्राम विकास अधिकारी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया।इस खौफनाक कदम के पीछे डिप्रेशन व ट्रांसफर के दबाव होना बताया जा रहा है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला महोली कोतवाली इलाके का है।महोली ब्लाक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक साहू आवास विकास स्थित किराए के घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।बताया जाता है कि ग्राम विकास अधिकारी किराए के घर में अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहता था। अधिकारियों ने बताया कि सेक्रेटरी अभिषेक साहू बीते पांच साल से जिले के खैराबाद ब्लाक में तैनात थे। बीते 18 जुलाई को उनका तबादला महोली ब्लाक में किया गया था। जानकारी के मुताबिक महोली ब्लाक में 18 जुलाई को तैनाती लेने के बाद अधिकारी दोबारा महोली गए ही नहीं।लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।एक तरफ चर्चाएं आम है।काम के बोझ और ट्रांसफर आदि के कारण वह डिप्रेशन में थे। दूसरी तरफ लोगों का कहना है कि बीते 31 जुलाई की रात्रि उनका पत्नी के साथ विवाद हुआ था।हालांकि पुलिस ने मामले को लेकर जांच पड़ताल प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस हर बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## जौनपुर विश्वविद्यालय में किया गया पौधरोपण

### कुलसचिव बोले- पौधे लगाने के साथ में देखभाल की भी ले जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर में पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएनबी के मैनेजर समेत विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वित्त अधिकारी समेत कई शिक्षकों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन पौधों की देखभाल करें और उन्हें बड़ा होने में मदद करें।उन्होंने छात्रों और संकाय के लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अपने आस-पास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाएं। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। वे हमें न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।राम बहादुर सरोज ने पंजाब नेशनल बैंक की ओर से इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीएनबी हमेशा से समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बैंक समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास कर रहा है। मानद लाइब्रेरियन प्रो. राज कुमार ने पोधरोपण के वैज्ञानिक और पर्यावरणीय फायदों पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने बताया कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं जो प्रदूषण को दूर करते हैं।वे ऑक्सीजन देते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है। चीफ वार्डेन डॉ. मनीष प्रताप सिंह ने पौधरोपण के महत्व को समझाया और उन्हें इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से हम समाज को भी स्वस्थ और सुखी बना सकते हैं।इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और संकल्प दिलाया गया।

वे इन पौधों की देखभाल करेंगे और उन्हें बड़ा करने में मदद करेंगे।

## नायब तहसीलदार और लेखपाल समेत 7 लोगों पर एफआईआर

- बलरामपुर में जमीन बैनामा में जालसाजी का आरोप, न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार




बलरामपुर, बलरामपुर जनपद में नायब तहसीलदार और लेखपाल समेत सात लोगों पर जालसाजी और धोखाधड़ी से जमीन बैनामा कराने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है। यह कार्रवाई बलरामपुर न्यायालय के आदेश पर देहात कोतवाली पुलिस ने की है। मामला बलरामपुर के कोतवाली नगर मोहल्ला गदुरहवा का है। पीड़ित मोहम्मद सईद ने अपनी तहरीर में बताया कि वर्ष 2015 में सदर तहसील के तत्कालीन नायब तहसीलदार और लेखपाल ने मिलीभगत कर जालसाजी और धोखाधड़ी से उसके भाई इरफान अहमद से जमीन का बैनामा करवा लिया था। पीड़ित का कहना है कि उसका भाई इरफान मंद बुद्धि है और इसी का फायदा उठाकर उसकी जमीन का बैनामा कराया गया था।सईद ने बताया कि उसने पहले नगर थाने पर कई बार शिकायत की, लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई के आदेश दिए, जिसके बाद देहात कोतवाली पुलिस ने सात लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि मोहम्मद सईद की तहरीर पर नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला टेढ़ी बाजार निकट हनुमानगढ़ी मंदिर निवासी रसीद अहमद, मोईद अहमद, एजाज अहमद और इकबाल अहमद, कोतवाली देहात के ग्राम धुसाह निवासी राजकुमार गुप्त, वर्ष 2015 में तैनात हलका लेखपाल और 19 दिसंबर 2015 को तैनात नायब तहसीलदार के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी से जमीन बैनामा कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सोनभद्र में शिक्षिका ने 2 छात्राओं पर चढ़ाई कार

### हादसे में एक की मौत, दूसरी गंभीर रूप से घायल; डायट परिसर में ड्राइविंग सीख रही थी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र में कार चलाना सीख रही शिक्षिका ने दो छात्राओं पर कार चढ़ा दी। जिसमें एक की मौत हो गई। जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।घटना रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के डायट परिसर की है। यहां प्राइवेट विद्यालय की खो-खो खिलाड़ी प्रतिदिन डायट परिसर में प्रैक्टिस करने जाती थी। आज भी प्रेक्टिस करने पहुंची।जहां कार चलाना सीख रही शिक्षिका ने छात्राओं के ऊपर कार चढ़ा दिया।जिससे दो छात्राएं घायल हो गई। आसपास के लोगों ने दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने अनुराधा पुत्री राजेश पटेल (17) हर्ष नगर को मृत घोषित कर दिया।जबकि गंभीर रूप से घायल ज्ञानवी (13) पुत्री सुनील सिंह प्रभा पुरम कॉलोनी निवासी का उपचार जारी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया

## बुलंदशहर में रुपयों से भरा बैग छीनकर भागा युवक

- दुकानदार के हाथ से छीना, राहगीरों ने दौड़ाया तो भागा, बैग में थे 1.20 लाख रुपये

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, नगर के रेलवे रोड पर गंदे नाले के पास एक नकाबपोश युवक ने किराना दुकान के व्यापारी से नगदी से भरा थैला छीन लिया और फरार हो गया। व्यापारी ने कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला हरिशाह निवासी गिरीश पुत्र भूपसिंह गुप्ता रेलवे रोड पर किराने की दुकान चलाते हैं। गुरुवार की देर शाम दुकान बंद करके गिरीश घर लौट रहे थे।उनके पास एक थैला था जिसमें एक लाख 20 हजार रुपए की नगदी और दुकान की चाबियां रखी थीं। जब वह गंदे नाले के पास पहुंचे, तभी एक नकाबपोश युवक ने उनके हाथ से थैला छीन लिया और फरार हो गया।पीड़ित ने शोर मचाया, जिससे कुछ राहगीर भी नकाबपोश के पीछे दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी बहुत दूर निकल चुका था। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाली निरीक्षक रवि रतन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है।

# कांग्रेस ने किसानों के साथ छलावा और इनको हथियार के रूप में किया इस्तेमाल - अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार

मऊ ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता अनिल दुबे आज पूर्वांचल दौरे पर थे इसी क्रम में आज जनपद मऊ में सदर अस्पताल के सामने राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय का उद्घाटन किए ।इस अवसर पर बातचीत करते हुए अनिल दुबे ने बताया कि पार्टी की मजबूती के लिए हर जनपद में कार्यालय का होना आवश्यक है इसी क्रम में आज मऊ में कार्यालय का उद्घाटन किया गया आगे बलिया आजमगढ आदि पूर्वांचल के जनपदों में कार्यालय खोला जाएगा जिसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष बैठकर समाज एवं किसानों की समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

श्री दुबे ने कहा कि पहले विपक्ष में रहकर हम लोग आंदोलन करके एवं लाठी खाकर किसानों की मांग को पूरा कराने का काम करते थे आज सत्ता के साथ रहकर हम सरकार से बातचीत करके किसानों की मांग पूरा कराने का काम करेंगे ।आज जो बजट सरकार की तरफ से पेश हुआ है उसमें किसानों के लिए भारी बजट ? की ब्यवस्था की है।1 अगस्त को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों की समस्या को उठाया है। गन्ना किसानों को अच्छा समर्थन मूल्य प्राप्त हो किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम मिले इस संबंध में सकारात्मक वार्ता हुई जिसका आने वाले समय में अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा ।अब तक लोग किसानों को हथियार बनाकर इस्तेमाल करते थे अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के बच्चों की अच्छी पढ़ाई हो, अच्छी दवाई हो इसके लिए एनडीए की सरकार काम कर रही आज देश के किसानों की स्थिति दिन प्रतिदिन बेहतर होती जा रही है। आगे के समय में गन्ना किसानों को अच्छा समर्थन मूल्य मिलेगा, आलू किसानों को ,धान किसानों को अच्छा समर्थन मूल्य मिलेगा जिससे किसानों की स्थिति बेहतर होगी।इसलिए हमलोग एनडीए सरकार में शामिल हुए हैं।हमारी पार्टी किसानों के उत्थान के लिए ही बनी है ।इसकी स्थापना चौधरी चरण सिंह जी ने किया है जिनको किसान मसीहा कहा जाता है ।चार दशक लग गए कांग्रेस पार्टी ने किसान मसीहा का कोई सम्मान नहीं किया लेकिन यदि किसी ने किया वह नरेंद्र मोदी जी एवं एनडीए की सरकार ने भारत रत्न देने का काम किया है। कांग्रेस केवल बात करती थी लेकिन सम्मान नहीं दिया, जबकि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट ने 2011 में ही किसान आयोग की शिफारिश की बात की गई लेकिन हमारे नेता लगातार इस बात को उठाते रहे लेकिन आपने कोई काम नहीं किया। अगर उस समय स्वामीनाथन आयोग की शिफारिश मानकर किसान आयोग का गठन कर देते तो किसानों की स्थिति बेहतर हो जाती लेकिन यह कह रहे हैं कि सरकार में आएंगे तो किसानों के लिए काम करेंगे ।जब आप सरकार में थे तब क्यों नहीं कुछ किया किसान अब इनके छलावे में आने वाले नहीं हैं ।यह बात जान चुके हैं कि कांग्रेस सिर्फ उनका इस्तेमाल करती है अब किसान इस्तेमाल नहीं होंगे ।वह अब जान चुके हैं कि उनका असली हितैषी कौन है। श्री दुबे के पूर्वांचल दौरे पर आजमगढ़ में कार्यकताओं व आजमगढ़ बार एसोसिएशन ने विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया वहीं मऊ जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों बाइक सवार युवकों के साथ मऊ सीमा पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव चौधरी भूपाल सिंह जी, प्रदेश महासचिव देवप्रकाश राय, जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष मु०जकरिया, काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रमोहन सिंह, राममिलन चौहान, धिरेंद्र प्रताप सिंह, अमित तिवारी, दिनेश यादव, गोपाल दुबे, सुरेंद्र यादव, संतोष यादव, जियाउल हसन मउकादम, कमलेश यादव, सुखारी पाल, बांके चौहान, भारतेंदु साही पूनम सिंह, शक्ति सिंह, रोहित, तारकेश्वर जायसवाल, रामप्रित साहनी आदि उपस्थित रहे।



# झाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**– बिहार निवासी युवक के रूप में हुई मृतक की पहचान, आवश्यक कार्रवाई में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की कैन्टीन के पीछे झाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पाया गया। मृतक की पहचान बिहार प्रदेश के अरिया निवासी युवक के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की है ।थाना क्षेत्र से निकलने वाली पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी. संख्या 61 पर स्थित कैन्टीन के पीछे झाड़ी में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव देख कैन्टीन में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक की जेब से आधार कार्ड व पाकेट डायरी मिली। जिससे उसकी पहचान 25 वर्षीय अमित कुमार झा पुत्र उदयकांत झा निवासी अरिया बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने डायरी में लिखे मृतक के बहनोई के मोबाइल नंबर पर काल किया तो पता चला कि अमित शनिवार की शाम 7.30 बजे दिल्ली से बिहार जाने वाली बस पर बैठकर अरिया बिहार अपने गांव जा रहा था। जलपान हेतु बस कैंटीन पर रुकी थी और जलपान के बाद बस चली गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि मृतक की पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को कब्जे में लेकर थाने ले लाया गया है। परिजनों के आने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा। तहरीर के आधार पर केस दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# रक्तदान करना सच्ची मानव सेवा है-धीरेन्द्र प्रताप सिंह

अमन लेखनी समाचार



गौरीगंज, अमेठी। भारत स्काउट और गाइड उ० प्र०, अमेठी के तत्वावधान में निशा अनंत, जिलाधिकारी/अध्यक्ष के आदेशानुसार डॉ० अंशुमान सिंह, जिला मुख्य चिकित्साधिकारी और डॉ० राजेश कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त के दिशानिर्देशन में और मान सिंह राठौर जिला आयुक्त (स्काउट), डॉ० फूलकली गुप्ता जिला आयुक्त (गाइड) व रामप्रकाश सिंह जिला सचिव व लता सिंह-प्रधानाचार्या डीएवी पब्लिक स्कूल एचएएल कोरवा के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय, असैदापुर, गौरीगंज-अमेठी में किया गया। जिसमें मौके पर शशांक यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) के साथ जिला ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट) मो० शकील खान, सुप्रिया उपाध्याय, डीएवी पब्लिक स्कूल, नीरज रावत स्काउट मास्टर सेपियन स्कूल, के साथ बेसिक शिक्षा के धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष-प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी, श्रीराम सोनी-महामंत्री, गुरुचरन-मंत्री, प्रियांशु मिश्रा ने रक्तदान कर अपने सेवा का परिचय दिया। रक्तदान शिविर में डीआईओएस महोदय ने कहा कि रक्तदान आज के युग में महादान है जिससे पूरा समाज लाभान्वित होता है। इसलिए रक्तदान प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए एवं रक्तदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही इस पुनीत कार्य में जनपद की गरिमा यादव जिला संगठन आयुक्त गाइड, जिला ट्रेनिंग काउंसलर्स सचिन शर्मा, सचिन विश्वकर्मा, निखिल सिंह, शुभम व ट्रेनिंग काउंसलर्स शनि, प्रतीक, अर्चना, कोमल, विजय सिंह ने समाजसेवा का कार्य किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दूसरे बाइक सवार की मौत के बाद रविवार को दोनों का हुआ पोस्टमार्टम

**ममेरी बहन के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने जा रहे थे दोनों दोस्त**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बीती रात नेशनल हाईवे 34 पर नरायनपुर गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत के बाद दूसरे गंभीर घायल युवक की भी मौत हो गयी। रविवार को दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किए गए। परिजन शवों को लेकर बांदा के लिए रवाना हो गए हैं। जान गंवाने वाले बाइक सवार युवक ममेरी बहन की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। इस घटना की सूचना ननिहाल पहुंचते ही जन्मदिन की पार्टी में मातम छा गया।

बांदा शहर के बलखंडी नाका निवासी शब्बीर पुत्र सद्दीक अपने दोस्त परवेज के साथ बाइक से देर शाम बांदा से ममेरी बहन अमन की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए रमईपुर के लिए निकले थे। रात करीब 8.30 बजे इन दोनों की बाइक में नरायनपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया और दोनों को रौंदता हुआ भाग निकला। इस घटना में परवेज की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि शब्बीर ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया था। जैसे ही घटना की सूचना रमईपुर के साथ बांदा पहुंची तो दोनों जगह पर कोहराम मच गया। जन्मदिन की खुशी मातम में तब्दील हो गई। मृतक शब्बीर के मामा अशरफ अली ने बताया कि छोटे भाई मस्तान अली की पुत्री अमन की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने भांजा शब्बीर अपने दोस्त के साथ आ रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गए। बताया कि शब्बीर की शादी हो चुकी है। उसकी पत्नी नेहा आठ माह की गर्भवती है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पुत्र को कोल्डड्रिंक में जहर पिलाकर हत्या करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गत जून माह में बकरी चराकर घर लौटे युवक की हालत खराब होने पर इलाज के दौरान मौत के मामले में रविवार को बेवा महिला ने जमीनी रंजिश में पुत्र को जबरन कोल्डड्रिंक में जहर पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। थानाक्षेत्र के सौंखर गांव निवासी बेवा महिला देवरती ने पुत्र सुनील के साथ थानाध्यक्ष को तहरीर देकर बताया है कि उसके पति की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। जिससे पारिवारिक लोग जमीन हड़पने को लेकर रंजिश मान रहे है। बताया कि गत सात जून को उसका पुत्र छोटेलाल जब खेत में बकरियां चराने जा रहा था। तभी जमीनी रंजिश मानते हुये परिवारिक लोगों ने पहले उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उन लोगों ने एक महिला के सहयोग से कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर जबरन पिला दिया। पुत्र की हालत बिगडने पर वह उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गयी। पुत्र की मौत से बदहवास होने पर वह पोस्टमार्टम नहीं करा पायी। बताया कि अब गांव वालों से घटना की सही जानकारी मिलने पर उक्त लोगों के खिलाफ पुत्र की हत्या करने की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# भमौरा जलाला मार्ग ध्वस्त ग्रामीण परेशान

**आये दिन हो रही दुर्घटनाएं**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पत्योरा सुमेरपुर मार्ग से जुड़ने वाला भमौरा जलाला मार्ग ध्वस्त होने से लोगों को तमाम मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। भमौरा निवासी गौरव सिंह, साहब लाल, राजाबाबू धुरिया, अच्छेलाल कुशवाहा, गुलाब सिंह ने बताया कि गहतौली जलाला मार्ग पत्योरा सुमेरपुर मार्ग से आकर जुड़ता है। इस मार्ग से आधा दर्जन से ज्यादा गांवों एवं मजरो के लोगों का प्रतिदिन आना जाना है। इस मार्ग की हालत सुमेरपुर पत्योरा मार्ग से लेकर भमौरा तक बेहद जर्जर है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि भारी भरकम गढ्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ई-रिक्शा आदि छोटे वाहन पलटने से लोग आए दिन चुटहिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़क की मरम्मत नहीं कराई है। जबकि सड़क की मरम्मत के लिए धनराशि भी अवमुक्त हुई हैं लेकिन गहतौली तक बनाकर कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने इस ध्वस्त मार्ग के मरम्मतीकरण की मांग की है।

# हाईवे पर ट्रैक्टर में डीसीएम ने मारी जोरदार टक्कर, चालक की मौत



अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी ।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर ट्रैक्टर में डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी ।ट्रैक्टर चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई ।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की शाम करीब चार बजे पूरे प्रेमशाह गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित डीसीएम ने ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे ट्रैक्टर चालक संतोष यादव पुत्र जगजीवन यादव निवासी ग्राम नेवादा मुसाफिरखाना अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हे स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस ने स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया ।इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई ।जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।संतोष दो भाईयों में छोटा था और अविवाहित था।

# शिकायत के निस्तारण के लिये जेसीबी लेकर पंहुची अधिशासी अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे के बीचों बीच निकलने वाले वंश नाला में लोगों द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण कर कब्जे को लेकर मोहल्ला वासियों ने शिकायत कर नाला मुक्त कराने की मांग की थी। जिसको संज्ञान में लेकर अधिशासी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पानी निकासी के लिए पाइप डालकर व्यवस्था की है।

मौदहा कस्बे के मुख्य मार्ग से गांधी विद्यालय मार्ग में बने पुराने नाले पर लोगों द्वारा स्लैब डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके चलते बरसात का पानी नही निकल पाता और सड़क में ही पानी भर जाता है जिससे राहगीरों को खासी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। पानी भरने के कारण पिछले वर्ष बनी सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। नाले में अवैध कब्जे से परेशान मोहल्ला निवासी धर्मात्मा प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोगों ने तहसील दिवस पर लिखित शिकायत करते नाले को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए सड़क में भर रहे पानी की निकासी की बात कही थी। उन्होंने शिकायती पत्र में बताया था कि अतिक्रमण के चलते नाले के बगल से निकली सड़क 16 फिट से घटकर 10 फिट की रह गई है। जिसको लेकर रविवार को जेसीबी लेकर दलबल के साथ मौके पर पहुंची अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने नाले के ऊपर पड़ी स्लैब के बगल से गड्ढा कर पानी निकासी की व्यवस्था कर खाना पूर्ति कर दी तो वहीं के निवासी विवेक निगम ने उनके दरवाजे पर हुई खुदाई से आपत्ति जताते हुए पूरे नाले पर लोगों द्वारा किये गए अतिक्रमण को देखते हुए सभी के दरवाजे पर खुदाई कर पानी की निकासी की बात कही। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने लिखित शिकायत करने की बात कही है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने भी नालों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की बात कही है। मगर कोर्ट के आदेश को धता बताते हुए जगह जगह लोगों द्वारा नालों पर अवैध कब्जे की शिकायतें आती रहती हैं। नगर के बीच से निकलने वाले इस वंश नाले से पूरे शहर का पानी निकलता है जिस पर लोगों द्वारा मोटी मोटी स्लैब डालकर पूरी तरह से बंद कर दिया है। जिससे नाले की साफ सफाई नही हो पाती और बरसात का पानी निकलने में असुविधा होती है। जिससे सड़क पर पानी भर जाता है। इसके पूर्व भी कई बार नाले में किये जा रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायतें की जा चुकी हैं मगर प्रशासन छोटी मोटी कार्यवाही कर अपना पल्ला छाड़ लेता है और समस्या जस की तस बनी रहती है।

# रक्षाबंधन की खरीदारी हेतु 'श्रृंगार - दा वीमेन लग्जरी हब' का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झाँसी। संघर्ष महिला संगठन की उपाध्यक्ष एवं पहनावा बुटीक की संचालिका सोनियाजीत सिंह द्वारा आयोजित श्रृंगार ₹दा वीमेन लग्जरी हब₹ बाजार का उद्घाटन आज होटल रीजेंटा पैलेस में किया गया। इस बाजार रक्षाबंधन से संबंधित खरीददारी हेतु 40 दुकानें लगाई गई हैं जिसमें कपड़े, फुटवियर, ज्वेलरी, घर की साज सज्जा, भगवान के श्रृंगार व वस्त्र, बेड शीट आदि की दुकानें सम्मिलित हैं। राखी बाजार के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में अदिति शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता भदोरिया, अनुभा श्रीवास्तव, डॉ० नीति शास्त्री एवं समाजसेविका सपना सरावगी उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा रिबन काटकर बाजार का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उद्घाटन दिवस पर खरीददारों में काफी उत्साह दिखाई दिया लोगों ने बाजार से जमकर खरीदारी की एवं आयोजक सोनियाजीत सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर संघर्ष महिला संगठन की अध्यक्षा सपना सरावगी ने कहा आज के युग में महिलाएं लगातार हर क्षेत्र में सशक्त हो चुकी हैं अब महिलाएं घर के कामकाज के साथ घर खर्च चलाने में भी परिवार का भरपूर सहयोग करती हैं। भारत सरकार के विजन आत्मनिर्भर भारत को साकार करने हेतु पुरुषों के साथ महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनना होगा। महिला घर की धुरी का कार्य करती है इसीलिये हमें पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिये। इस कार्यक्रम के संरक्षक बुंदेलखंड ज्वेलर्स की सीमा वर्मा एवं प्रतीक वर्मा रहे, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेविका डॉक्टर नीति शास्त्री ने किया। इस अवसर पर ईशा अरोरा, संचिता अग्रवाल, पूजा खुराना, शिवालिनी शर्मा, निकिता मित्तल, शैफाली अग्रवाल, भारती खंडेलवाल, रविता खरे, नंदनी गौर आदि उपस्थित रहे।

# विधवा ने की जबरन कब्जा करने की शिकायत

मुसाफिरखाना, अमेठी । मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़ित महिला ने विवादित जमीन पर बिना निस्तारण के विपक्षी द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की तहसील दिवस में लिखित शिकायत कर मामले के निस्तारण की मांग की है। जिसमें थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोड़री पोस्ट रसूलाबाद निवासिनी महिला इस्लामुन निशां पत्नी स्व0 साफर ने बताया है कि उसका गांव के ही विपक्षी शफीकुददीन के बीच पुश्तैनी मकान में बंटवारे का विवाद है क जिस पर वह काबिज भी है जिसका तहसील में मुकदमा भी चल रहा है उसके बावजूद शफीकुददीन उस पर जबरन कब्जा करना चाहता है जिसको लेकर उसने कई बार तहसील में शिकायत भी की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई इस संबंध में जानकारी लेने पर मालूम हुआ कि समाधान अधिकारी अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार मिश्रा ने सक्षम अधिकारियों को जांच कर उचित न्यायिक कार्रवाई के आदेश दिए हैं ।

# युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, ट्रामा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार



शुकुल बाजार, अमेठी ।रंजिशन हमलावरों ने एक युवक पर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मरणासन्न हालत में युवक को लेकर परिजन सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू की है। थाना क्षेत्र के पुनीपुर निवासी रामू चौरासिया पुत्र आशाराम रविवार की सुबह 8.30 बजे ठाकुरगंज बाजार में स्थित डेयरी पर दूध देकर वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में अपने साथियों के साथ घात लगाए बैठे गांव के ही आशीष दुबे ने रामू चौरसिया पर कुल्हाडी व लाठी डण्डों से हमला बोल दिया। रामू की गुहार सुनकर जब तक गांव वाले पहुंचते तब तक हमलावर फरार हो गए। मरणासन्न रामू को लोग सीएचसी ले गए और घटना की सूचना पुलिस को दिया। लेकिन घंटों बाद भी पुलिस कर्मी नहीं पहुंचे। वहीं डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रामू की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि घायल के भाई गोविन्द चौरासिया की नामजद तहरीर पर आशीष दुबे व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवायी की जा रही है।

# 20 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उ0नि0 दलजीत सिंह थाना जामो मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त शानू पुत्र अब्दुल कद्दूस ग्राम बैरागल थाना कलवारी जनपद बस्ती उम्र करीब 20 वर्ष को सिंह का पुरवा रोड ग्राम सूखीबाजगढ़ से समय करीब 05.22 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम बरामद हुआ ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी । जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष कमरौली मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 119/24 धारा 504,506,376 भादवि थाना कमरौली जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अरशद पुत्र अनीस निवासी ग्राम पूरे बहादुर मजरे दौलतपुर निसूरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को उतेलवा बस स्टैण्ड के पास से समय करीब 01:10ढट बजे में गिरफ्तार किया गया है ।गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# तेज हवाओं के साथ हुई रिमझिम बरसात कामकाज बाधित

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। रविवार को मौसम ने तड़के से ही पलटी मार दी। तेज हवाओं के साथ रिमझिम बरसात होने से लोग दोपहर तक तेज हवाओं के चलते कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इस वजह से कई जगहों पर जलापूर्ति नहीं हो सकी। रविवार को तड़के से मौसम ने पलटी मार दी। तेज हवाओं के साथ कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रिमझिम बरसात होने से लोगों को कामकाज प्रभावित हुआ। तेज हवाओं के कारण कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की आपूर्ति ठप हो गई। इससे कस्बा सहित कई गांवो में सुबह जलापूर्ति नहीं हो सकी। इससे लोग परेशान रहे। बारिश का सिलसिला दोपहर में जाकर थमा। शाम तक बादलों की आवाजाही का दौर जारी था।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com





मित्रता दिवस आज

# हमारी पर्सनालिटी गढ़ते निखारते हैं हमारे दोस्त

आवरण कथा

डॉ.मोनिका शर्मा

दोस्ती बहुत प्यारा रिश्ता होता है। यही रिश्ता है, जो हमें पारिवारिक रूप से नहीं मिलता, हम स्वयं अर्जित करते हैं। लेकिन दोस्त हम सभी के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। इसलिए दोस्ती के रिश्ते को बनाने, इसे निभाने और संजोने में समझदारी के साथ भावनाओं का शामिल होना जरूरी होता है। तभी तो सच्चे दोस्त, ताउम्र साथ रहते हैं।

# दोस्ती मन से जुड़ा प्यारा रिश्ता

भावनाओं से भरे दिलों के तार जोड़कर ही हम मित्रता के रिश्ते का ताना-बाना बुनते हैं। अहसासों से गुंथे इस साझे साथ में सच्चे जुड़ाव की भूमिका सबसे अहम है। एक-दूजे के लिए वह ईमानदार भाव-चाव, जो आपसी समझ का पुख्ता धरातल बनाए। मन से चुने इस संबंध को स्नेह से सींचने की जरूरत होती है। देखने में आता है कि अब दोस्त तो बहुत हैं पर दोस्ती कम हुई है। मित्रता से जुड़ी संवेदनाएं फीकी पड़ रही हैं। जरूरी है कि बनावटी-दिखावटी बर्ताव से परे इस रिश्ते में साझे सुख वाली सच्ची संवेदनाओं की जगह बनी रहे।

## सच्चे मन से हो जुड़ाव

दोस्ती, भरोसे भरे स्नेह और शेयरिंग पर टिकी होती है। इस रिश्ते में लेने से ज्यादा देने का भाव जरूरी है। परवाह और प्रेम से भरा दुनिया का सबसे प्यारा लेन-देन इस रिश्ते में ही होता है। खुद से ज्यादा अपने मित्र का मन समझने की कोशिश की जाती है। आज के दौर में इन भावनाओं से दूरी बढ़ी है। बगैर किसी स्वार्थ के मित्र बनाने और दोस्ती निभाने की सोच गुम होती जा रही है। ऐसे में दोस्ती के सच्चे भाव से जुड़ने की कोशिश करनी चाहिए। मित्रता में फील गुड फैक्टर होना बेहद जरूरी है। सच्चा मित्र हर हाल में हिम्मत बढ़ाकर प्रोत्साहन देता है। परिस्थितियों के मुताबिक खरी-खरी कहकर सचेत भी करता है। दिल से जुड़ने वाले फ्रेंड्स हर आपा-धापी के बीच भी एक-दूजे के लिए समय निकालते हैं। बेवजह की आलोचना या प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि साथ-साथ आगे बढ़ने के मनोभाव रखते हैं। हंसने-खिलखिलाने से लेकर दुख-दर्द साझा करने तक अपनेपन का एहसास, यही दिलों को जोड़कर रखता है। सच्चे मन से अपने मित्र से जुड़े बिना यह सुख और सहजता नहीं आती।





## स्नेह ही नहीं निष्ठा भी जरूरी

दोस्ती में प्यार-मनुहार ही नहीं वफादारी भी जरूरी होती है। भावनात्मक सहारा देने के नाम पर व्यक्तिगत जीवन की भावनाओं को कुरेदने वाले मित्र नहीं होते हैं। दोस्तों को सच्चा हमदर्द बनना चाहिए। उलझन या पीड़ा के दौर में तो भरोसेमंद दोस्ती और जरूरी हो जाती है। दिल खोलकर बात करने वाले दोस्त की बातें खुद तक ही रखने वाले दोस्त केवल प्यार जताने वालों से बेहतर होते हैं।

दूसरे संबंधों की तरह इस रिश्ते में भी प्रतिबद्धता जरूरी है। पीठ-पीछे बुराई करने, अफवाह फैलाने वाले लोगों के साथ किसी की दोस्ती ज्यादा दिन नहीं चल सकती। अपने मित्र के व्यक्तिगत जीवन में झांकने के लिए भी कुछ नैतिक मूल्यों का पालन आवश्यक है। मित्रता के रिश्ते में दुराव-छिपाव नहीं होता पर मर्यादित व्यवहार बेहद आवश्यक है। इसीलिए अच्छे इरादों के साथ जुड़ने की सोच लिए 'फेयर वेदर फ्रेंड्स' बनने के बजाय भरोसेमंद मित्र बनाइए। दरअसल, दोस्ती की धोखेबाजी हमेशा के लिए मन-मस्तिष्क और आत्मा में घाव कर देती है। इस जज्बाती जुड़ाव में मिले जख्म जीवन भर नहीं भरते। निष्ठा का भाव मित्रता को टॉक्सिक होने से बचाता है।

## कम हों लेकिन सच्चे हों दोस्त

यह सही है कि सोशल मीडिया के दौर में वर्चुअल दोस्ती ने फ्रेंड्स की संख्या बढ़ाने वाली सोच पैदा कर दी है, जबकि सच्चाई यह है कि जीवन के सफर में मिलने वाला हर इंसान हमारा दोस्त नहीं बन सकता। मशहूर लेखक बेंजामिन फ्रैंकलिन के मुताबिक, 'मित्र चुनने में धीमे रहो, बदलने में और भी धीमे।' उनके कहने का मतलब यही है कि मित्र बनाने में सावधानी और समझदारी बहुत जरूरी है। इसीलिए आभासी दोस्तों की बढ़ती संख्या के फेर में ना पड़ें। अपनेपन के अहसासों के बिना दोस्ती के कोई मायने नहीं। अमेरिकी लेखिका साराह डसेन ने कहा है, 'अगर आपके जीवनकाल में दो दोस्त हैं, तो आप भाग्यशाली हैं। यदि आपके पास एक अच्छा दोस्त है, तो आप बहुत भाग्यशाली हैं।' यानी दोस्त भले कम हों लेकिन मन का जुड़ाव रखने वाले हों। यह भी कहा जाता है, 'मित्रता में कभी यह नहीं मायने रखता कि आप किसी को कितने लंबे समय से जानते हैं, बल्कि यह मायने रखता है कि कौन आपकी जिंदगी में आकर दुबारा कभी नहीं गया।' स्पष्ट है कि वर्चुअल दुनिया की दोस्ती में ऐसी समझ और टिकाऊपन नहीं होता है।

## जरूर सीखें दोस्ती करना

मित्रता का जुड़ाव, अपने मित्र के दुनिया छोड़ देने के बाद भी नहीं छूटता। इसीलिए मित्र बनने-बनाने से पहले दोस्ती के सार्थक भाव से परिचय जरूरी है। चर्चित लेखक ओ. हेनरी के मुताबिक, 'दुनिया में दोस्ती को समझाना सबसे मुश्किल काम है। यह कोई ऐसी चीज नहीं है, जो आप स्कूल में सीखते हैं। लेकिन अगर आपने दोस्ती का मतलब नहीं सीखा है, तो आपने वाकई कुछ नहीं सीखा है।' इसीलिए मन से दोस्ती करना सीखिए। सच्ची दोस्ती रखना सीखिए। *



जीवन के हर मोड़ पर दोस्त हमारा साथ देते हैं। हमारी खुशियों और तकलीफों में हमें दोस्तों का संबल मिलता है। लेकिन यही नहीं दोस्त हमारी पर्सनालिटी को भी गढ़ते और उसे संवारने में भी इंपॉर्टेंट रोल निभाते हैं।

महत्ता

मधु सिंह

हमारे जीवन में दोस्तों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे हमारे निर्णयों, हमारी सोच, हमारे खान-पान से लेकर पहनावे तक में हर जगह अपनी प्रभावशाली छाप छोड़ते हैं। जिसे कोई नहीं प्रभावित कर सकता, ऐसे जटिल लोगों को भी उनके दोस्त बहुत गहरे तक प्रभावित करते हैं। इसलिए माना जाता है कि दोस्त सिर्फ दोस्त नहीं होते, वो हमारे व्यक्तित्व का भी एक हिस्सा होते हैं। महान विचारक मार्क्स के बारे में एंगेल्स ने लिखा है कि उन्हें दो ही लोग विचलित कर सकते थे या तो उनकी पत्नी जेनी, जो पत्नी से ज्यादा उनकी दोस्त थीं या खुद मैं यानी एंगेल्स। गौरतलब है कि महान विचारक मार्क्स और एंगेल्स के बीच बहुत गहरी दोस्ती थी।



**हम बन जाते हैं दोस्त जैसे:** वास्तव में हमारे सच्चे दोस्त हमारी प्रेरणा तो होते ही हैं, वे हर बार हमें अपना महत्वपूर्ण समर्थन बिना किसी लालच और उम्मीद के देते हैं। हम जब भी कठिनाइयों में होते हैं, सबसे पहले हमें हमारे दोस्त ही सहारा देते हैं या हम सबसे पहले सहारे के लिए अपने दोस्त का ही कंधा तलाशते हैं। हमारी शख्सियत में हमारे दोस्त इसलिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं कि हमें पता ही नहीं चलता कि हममें कब उनकी कौन-कौन सी आदतें, बिना कुछ कहे, बिना कुछ सोचे आ जाती हैं। जी हां, दुनिया में दो अच्छे दोस्तों के बीच 70 से 80 फीसदी आदतें और व्यवहार एक जैसे होते हैं। ऐसा उनकी दोस्ती गहराने के बाद हो जाता है। लेकिन यह बात उन दोनों को बरसों तक नहीं पता चलती। क्योंकि वे दोनों एक-दूसरे के व्यक्तित्व में दोस्ती के रसायन से घुल-मिल जाते हैं।

**व्यक्तित्व करते हैं प्रभावित:** दोस्तों के साथ बातचीत और चर्चा में हम अकसर अपने मूल्य गढ़ते हैं या उन्हें मजबूत बनाते हैं। दोस्त इसलिए हमारी शख्सियत का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। दो दोस्त हमेशा एक-दूसरे के दृष्टिकोण और विचारों को प्रभावित करते हैं और यह कहने की जरूरत नहीं कि जो विचार ज्यादा प्रभावशाली होता है, वही दोनों के व्यक्तित्व का हिस्सा हो जाता है, तब लोग मजाक में ही नहीं गंभीरता से कहते हैं कि ये दोनों तो बिल्कुल एक जैसे सोचते हैं और एक जैसे समझते हैं। हमारे दोस्त हमारी आत्म छवि को बहुत गहरे तक प्रभावित करते हैं, जो आत्म छवि अंततः हमारे व्यक्तित्व का प्रमुख हिस्सा होती है।

**सीखते-सिखाते हैं दोस्त:** सच्चे और अच्छे दोस्त हमेशा आपस में सीखते हैं और सिखाते भी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे सीखने-सिखाने का माहौल पैदा करते हैं, जिससे वे हमारे व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाते हैं और हम भी उनके व्यक्तित्व में रच-बस जाते हैं, जिससे दोस्त ना सिर्फ हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं बल्कि हम भी उनके व्यक्तित्व को उसी तरह से प्रभावित करते हैं। समय बदलता है, सोच बदल जाती है और जरूरतें भी, लेकिन सामाजिक इतिहास इस बात की तस्दीक करता है कि समय बदलने के साथ ना तो दोस्ती की जरूरत बदलती है और ना ही दोस्ती का भाव। इसलिए दोस्ती एक अजर-अमर रिश्ता है।

प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने एक बार कहा था, 'अगर ईश्वर है (...और मैं समझता हूं भले ईश्वर वैसे ही ना हो जैसे कि माना जा रहा है, लेकिन कुछ ना कुछ तो है) तो इंसान की जैविक संरचना में दोस्ती का एक स्थायी भाव भी है।'

भगत सिंह ने कहा है, 'दोस्ती दिलों में तूफान पैदा करती है। दोस्ती में पहाड़ों से कूद जाने का दिल करता है और हंसते-हंसते जान देने में जरा भी असहजता नहीं महसूस होती। इसलिए यह कुछ ना कुछ तो है।' अस्सी के दशक में समाजशास्त्री आल्विन टोएफलर ने कहा था, 'जैसे-जैसे तकनीक का विकास होगा दोस्ती का खात्मा हो जाएगा। दोस्ती की जरूरतें खत्म हो जाएंगी।' हालांकि ऐसा नहीं हुआ और ना ही कभी होगा। दोस्ती कल भी थी, दोस्ती आज भी है और दोस्ती कल भी रहेगी। *

ट्रेंड

शैलेंद्र सिंह



समय के साथ जिस तरह जीवनशैली में कई परिवर्तन हो गए हैं, उसी तरह दोस्ती के अंदाज में भी काफी चेंज आ गया है। ईजी और सुविधाजनक होने की वजह से अब लोगों के बीच रियल से ज्यादा वर्चुअल फ्रेंडशिप बढ़ रही है।

# रियल से ज्यादा बढ़ती वर्चुअल फ्रेंडशिप

चाहे महाभारत के दुर्योधन-कर्ण का दौर रहा हो या आज के 'जूम मीटिंग्स' का दौर हो, दोस्ती हमेशा से इंसान के लिए बहुत महत्वपूर्ण रही है। वास्तव में इंसान के लिए जिस तरह से भोजन जरूरी है, सोना जरूरी है, उसी तरह से उसे अपनी भावनाओं और विचारों को किसी के साथ साझा करना भी जरूरी होता है। ...और ये दोस्त ही होते हैं, जिनके साथ हर कोई अपनी भावनाएं, विचार और चाहतें साझा करता है। अलग-अलग दौर की अलग-अलग जरूरतें होती हैं, इसलिए हर दौर की दोस्ती के अलग मायने होते हैं। दोस्ती के जो मायने रामायण और महाभारत काल में थे, भले वो अब ना रहे हों, लेकिन दोस्ती आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी उस दौर में थी।

**बदल गए दोस्ती के तरीके:** आज के दौर में दोस्ती के मायने, उसके संदर्भ और उसके रुझान बदल गए हैं। आज दोस्ती फिजिकल हेल्प से कहीं ज्यादा मेंटल सपोर्ट का नाम बन गई है। यही वजह है कि आज दोस्ती फिजिकल से ज्यादा वर्चुअल हो गई है। हम बचपन में अपने गली-मुहल्ले के दोस्तों के साथ देर तक खेलते थे, उनके साथ मस्ती करते थे और घंटों-घंटों साथ में वक्त बिताते थे। लेकिन आज वर्चुअल लाइफस्टाइल के दौर में दोस्ती का वह मतलब नहीं रह गया। क्योंकि हर कोई अपने आप में बिजी है, हर कोई एक-दूसरे से भौतिक रूप से काफी दूर है। इसलिए आज की लाइफस्टाइल में दोस्ती एक मेंटल सपोर्ट ग्रुप का भी नाम हो गई है। आज हम वर्चुअल दुनिया में दोस्त बनाते हैं और भले उनसे कभी ना मिलें, लेकिन जब भी हमें उनकी या उन्हें हमारी जरूरत होती है, हम एक-दूसरे का मेंटल सपोर्ट बनते हैं। हम एक-दूसरे के साथ अपनी भावनाएं और विचार साझा करते हैं और एक-दूसरे से दूर रहकर भी आपस में जुड़े रहते हैं। इसलिए आजकल ऐसी दोस्तियां भी खूब फल-फूल रही हैं।





**ग्लोबल हो गई दोस्ती:** आज ग्लोबलाइजेशन का दौर है। इंटरनेट की बदौलत पूरी दुनिया एक क्लिक की दूरी पर आ गई है, इसलिए अब दोस्ती का भी ग्लोबलाइजेशन हो गया है। आज हमारे एक्चुअल से ज्यादा वर्चुअल फ्रेंड्स हो चुके हैं। इस दौर में वर्चुअल फ्रेंडशिप खूब चल रही है, क्योंकि अभिव्यक्ति के पारंपरिक माध्यमों की जगह आजकल लोग वीडियो बनाकर, ऑनलाइन चैट करके और कई दूसरे आडियो-विजुअल माध्यमों के जरिए आपस में संपर्क में रहते हैं। क्योंकि जीवन जीने का माध्यम अब अकेला एक्चुअल ही नहीं रह गया बल्कि हम अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा वर्चुअल दुनिया में भी गुजारते हैं। यही कारण है कि आजकल हमारे कई ऐसे दोस्त हैं, जिनसे हम सिर्फ वीडियो चैट प्लेटफॉर्म में ही मिलते हैं और उनसे उसी तरह गहरी दोस्ती का भाव रखते हैं, जैसे बचपन के दोस्तों से रखते हैं।

**इंटरनेट से खुले नई दोस्ती के रास्ते:** पहले भी समान सोच-विचार वाले लोग इकट्ठा होते रहे हैं और इकट्ठा होकर अपना महत्व दर्शाते रहे हैं। आज इंटरनेट के जरिए एक तरह की हॉबी रखने वाले, एक तरह की सोच रखने वाले लोगों की खूब दोस्ती है और ये ग्रुप सिर्फ संयोग से वर्चुअल दुनिया में मिले लोगों से ही नहीं बनते बल्कि आजकल एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप में रह रहे लोग नौकरीपेशे के कारण भी एक- दूसरे से जुड़े हुए हैं। ग्लोबल वर्ककल्चर विकसित होने से वर्कप्लेस की दोस्ती भी ग्लोबल हो गई है। आज ग्लोबल वर्कप्लेस फ्रेंडशिप भी दोस्ती का एक नया ट्रेंड बनकर उभरी है। क्योंकि आज की लाइफस्टाइल में ऐसी ही दोस्ती की जरूरत है।

**दोस्ती का महत्व है बरकरार:** हर दौर के दोस्ती के ट्रेंड्स उस दौर के हिसाब से बनते बिगड़ते रहे हैं, लेकिन अगर गहराई से जाकर सोचें तो दोस्ती का जो महत्व पहले था, आज भी वही है। साथ ही दोस्ती जिन वजहों से पहले महत्वपूर्ण थी, उन्हीं वजहों से आज भी महत्वपूर्ण हैं। दोस्ती हर दौर में महत्वपूर्ण रही है। *

## दोस्ती के दोहे / आशा शर्मा



ना ही लाग-लपेट थी, ना ही कोई स्वार्थ।
सखा नाम पर्याय है, मधुसूदन व पार्थ।।
सखा मार्ग दुश्वार है, दूभर है यह राह।
करो इसे स्वीकार तुम, बिना शर्त बिन चाह।।
सुख-दुख में सहभागिता, कष्टों में दे साथ।
दुर्लभ ऐसा मीत है, जो ना छोड़े हाथ।।
सखा, यार या दोस्त कह, चाहे कह ले मीत।
ईश्वर का वरदान है, यह निश्छल सी रीत।।
मूक मौन जो जान ले, दिल की तेरे बात।
उसके निर्मल नेह से, कभी न करना घात।।
मीत बिना सूना समझ, ये सारा संसार।
मीत अगर जो संग है, हर दिन है त्योहार।।
घोर अंधेरी रात में, चंदा जैसा यार।
हाथ पकड़ कर ले चले, हर बाधा से पार।।

छोटी कहानी

विनय मोघे

यह दौर सोशल मीडिया का है। पुराने दोस्त बस फेसबुक और व्हाट्सएप तक सीमित हो जाएं, तो दोस्ती भी डिजिटल हो जाएगी, अहसास बनावटी हो जाएंगे। ऐसे ही खोखले अहसासों पर एक छोटी-सी कहानी।

# व्यस्त मित्र



पंकज इंदौर का रहने वाला है, लेकिन पुणे में नौकरी करता है। पुणे आए उसे करीब दस साल हो गए हैं। शुरू-शुरू में वह हर साल एक या दो बार इंदौर जाता था, लेकिन पिछले तीन-चार साल से उसका इंदौर जाना नहीं हुआ था। जब उसे पता चला कि उसके चचेरे भाई के बेटे की शादी तय हो गई है, तीन महीने बाद की शादी की तारीख निकली है तो वह बड़ा खुश हुआ। बहुत सालों बाद वह अपने शहर जाने वाला था। उसने परिवार के साथ अपनी ट्रेन का रिजर्वेशन भी करा लिया।

पंकज के पुराने दोस्त फेसबुक पर उससे जुड़े थे। इन मित्रों का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी था, सभी मित्र आपस में बहुत सी बातें, फोटो शेयर करते रहते थे। इनमें से कई मित्र इंदौर में ही रहते हैं। कई बार ग्रुप में उन मित्रों ने पंकज से इंदौर आकर मिलने के लिए जोर दिया था। पुणे से निकलने के चार-पांच दिन पहले उसने ग्रुप पर अपने इंदौर आने की सूचना डाल दी। मित्रों ने उसके मैसेज को अच्छा रिस्पांस दिया। सबने कहा कि तुम यहां आओ, हम जरूर मिलेंगे, साथ मिलकर एंज्वॉय करेंगे। पंकज ने भी सोचा कि शादी के बाद एक-दो दिन एक्स्ट्रा टाइम है तो सबसे जरूर मिल लेंगे। इतने दिनों बाद मित्रों से मिलकर बहुत अच्छा लगेगा, पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी।

अपने शहर इंदौर पहुंच कर पंकज बहुत खुश था। शादी के दौरान कई नाते-रिश्तेदारों से बहुत सालों बाद मुलाकात हुई। लेकिन उसे तो अपने व्हाट्सएप ग्रुप के पुराने मित्रों से मिलने की उत्सुकता थी। शादी के कार्यक्रम खत्म होते ही अगले दिन सुबह से उसने एक-एक करके इंदौर के अपने मित्रों को फोन से संपर्क करना शुरू कर दिया ताकि आज सबसे मिलने का प्रोग्राम तय हो जाए। एक मित्र ने उसका फोन नहीं उठाया पर मैसेज किया, 'आय एम ड्राइविंग, कॉल यू बैक।' दूसरे मित्र ने फोन उठाया और बोला, 'यार आज मेरी इंपॉर्टेंट मीटिंग है। ऑफिस जाना जरूरी है, शाम को भी जल्दी नहीं आ पाऊंगा, तुम अगली बार जब आओगे तो पक्का मिलेंगे।' तीसरे मित्र ने कहा, 'यार इस साल इंदौर में इतनी शादियां हैं कि पूछो मत। आज मुझे तीन शादियों में जाना है। मैंने अपनी वाइफ को बताया कि तुम आए हो तो उसने कहा कि अगले महीने हम पुणे आ ही रहे हैं, वहीं मिल लेंगे, सॉरी बॉस।' एक मित्र बोला, 'तुम मुझे अपनी लोकेशन भेजो, मैं आकर मिलता हूं।' जब उसने लोकेशन भेजा, तब उसने बताया, 'यह तो बहुत दूर है। दो-तीन घंटे आने-जाने में ही लग जाएंगे। आज मुझे कुछ जरूरी काम है तो मिलना मुश्किल है।' इसी तरह कुछ और मित्रों ने भी किसी ना किसी कारण मिलने में असमर्थता बता दी।

अपने मित्रों के इस व्यवहार से पंकज का मूड ऑफ हो गया। उसने सोचा, सभी मित्र अपनी-अपनी लाइफ में व्यस्त हैं, एक मैं ही फ्री हूं। ये मित्र व्हाट्सएप ग्रुप पर तो इंदौर बुलाते रहते थे, लेकिन यहां आने पर उनके पास उससे मिलने का समय ही नहीं है। उधर शादी वाले घर में सब मेहमान वापस जा चुके थे। पंकज को अब अपना एक्स्ट्रा समय चुभ रहा था। उसे लगा शादी के बाद तुरंत ही पुणे वापस चले जाना चाहिए था। दूसरे दिन इंदौर से पुणे आते समय पंकज ने ट्रेन में बैठे-बैठे मित्रों वाले व्हाट्सएप ग्रुप से अपने आपको एग्जिट कर लिया था। वह मन ही मन अपने व्यस्त मित्रों से बहुत दुखी था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## धरोहर कविताएं

कविता लिखने और कविता में जीवन के स्पंदन को व्यक्त करने में बहुत फर्क होता है। मंगलेश डबराल ऐसे ही विलक्षण कवि थे, जिनकी कविताओं में जीवन के स्पंदन को साफतौर पर महसूस किया जा सकता है। वर्ष 2020 में इस दुनिया से विदा होने के बाद उनकी कुछ अपूर्ण, कुछ असंकलित, कुछ शुरुआती दौर में लिखी गई और कुछ उनके संपादन की प्रक्रिया से गुजर रही कविताओं का संग्रह 'पानी का पत्थर' कुछ समय पूर्व प्रकाशित हुआ है। इस संग्रह की कविताओं के जरिए हम मंगलेश की पांच दशक की कविता यात्रा के साक्षी हो सकते हैं। इस लिहाज से यह एक धरोहर कविता संग्रह है। यहां वे कहीं अपने पहाड़ी जीवन को याद करते दिखते हैं, तो कहीं सामाजिक विसंगतियों और बाजारवादी प्रवृत्ति पर करारा कटाक्ष करते हैं, कहीं प्रेम की आत्मिक अनुभूति को शब्दों में पिरोते हैं तो कहीं स्त्रियों की अतिसहनशीलता के प्रति अपना प्रतिरोध प्रकट करते हैं। *




**पुस्तक:** पानी का पत्थर (कविता संग्रह),
**रचनाकार:** मंगलेश डबराल, **मूल्य:** 199 रुपए,
**प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली